वर्ष 24, अंक 293, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 2 मई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## बंगाल विधानसभा चुनाव: 2 मई को 15 बूथ पर होगा दोबारा मतदान

### सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार (2 मई, 2026) को दक्षिण 24 परगना के 15 पोलिंग बूथों पर फिर से वोटिंग होगी. मगराहाट पश्चिम के 11 पोलिंग बूथ और डायमंड हार्बर के चार पोलिंग बूथ पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोटिंग की जाएगी.

इन सीटों पर 29 अप्रैल को दूसरे चरण में वोटिंग हुई थी, जिसे चुनाव आयोग ने रद्द करते हुए फिर से मतदान करवाने की घोषणा की है. चुनाव आयोग ने कहा कि इन पोलिंग बूथों पर 29 अप्रैल को मतदान के दौरान अनियमितता की शिकायतें मिली हैं, जिसके बाद यह फैसला लिया गया. मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र और डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों से मिली रिपोर्ट्स के आधार फिर से वोटिंग करवाने के फैसला किया गया है.

चुनाव आयोग ने रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के तहत मतदान को रद्द कर दिया. चुनाव आयोग के अनुसार दक्षिण 24 परगना जिले के 77 पोलिंग बूथ पर फिर से वोटिंग करवाने की मांग की गई है. हालांकि, अभी चुनाव आयोग ने सिर्फ 15 पोलिंग बूथ पर ही रिपोलिंग का ऐलान किया है, बाकी 62 पोलिंग बूथ पर फिर से मतदान होने को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है.

29 अप्रैल को वोटिंग के दौरान दक्षिण 24 परगना के बसंती क्षेत्र से हिंसा की घटनाएं भी सामने आई थीं. यहां भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विकास सरदार को निशाना बनाते हुए हमला किया गया था. जानकारी के अनुसार, बसंती में भाजपा उम्मीदवार की गाड़ी में तोड़फोड़ की गई, जिससे वहां तनाव की स्थिति बनी. यह घटना बूथ नंबर 76 पर हुई, जहां भाजपा उम्मीदवार विकास सरदार पर बूथ का दौरा करते समय कथित तौर पर हमला किया गया.

सूत्रों के अनुसार, जब उम्मीदवार पोलिंग बूथ का मुआयना करने गए, तो कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया. इस घटना के दौरान उनकी गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई. उनके सुरक्षाकर्मियों से हथियार छीनने की भी कोशिश की गई.

आरोप है कि केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करने या बचाव कार्य में मदद करने के लिए कोई दखल नहीं दिया. इस घटना के कारण इलाके में तनाव और बढ़ गया था.

### ममता के आरोपों को किया खारिज

**मुख्यमंत्री** ममता बनर्जी ने खुद स्ट्रॉन्ग रूम का दौरा किया और एश्ट के साथ छेड़छाड़ की आशंका जताई, जिसे चुनाव आयोग ने सिरे से खारिज कर दिया है। ळटउ ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने सखावत मेमोरियल स्कूल में एश्ट२ से छेड़छाड़ करने की कोशिश की, जो बनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना केंद्र है। हालांकि, चुनाव अधिकारियों ने ळटउ के इस आरोप को खारिज कर दिया है।

समाचार एजेंसी अठक से बात करते हुए, उत्तर कोलकाता की जिला चुनाव अधिकारी (ऊएड) स्मिता पांडे ने पोस्टल बैलेट को अलग करने की वैधानिक प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सुविधा केंद्र पर व्यक्तिगत वोट दिए गए हैं, जो किसी दूसरे जिले या विधानसभा क्षेत्र के हो सकते हैं।

पांडे ने कहा कि यह प्रक्रिया "नियंत्रित और सुरक्षित" माहौल में पूरी की जाती है।

उन्होंने आगे कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति अंदर न जा सके, अधिकारियों को तय जगहों पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा, "हमारे लोग गलियारे में बैठे हैं। एश्ट स्ट्रॉन्ग रूम बंद है; उसे सील कर दिया गया है।"

## करगिल में 10,000 लीटर क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की रखी आधारशिला



**लद्दाख**

**केंद्र** शासित प्रदेश लद्दाख में श्वेत क्रांति को नई ऊंचाई देने के लिए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को करगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले एक आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत शुरू की गई यह परियोजना लद्दाख के दुर्गम क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी।

अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ये पहल पेश की गई हैं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) के तहत लागू की जा रही है, जिसमें 12.74 करोड़ रुपये का अनुदान, 10 करोड़ रुपये की सहायता राष्ट्रीय डेयरी विकास फाउंडेशन से और शेष राशि एलयूटीडीसीएफ फंड के माध्यम से (हिमाचल प्रदेश प्रशासन के जरिये) उपलब्ध कराई जा रही है। यह संयंत्र 350 किलोवाट सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली पर चलेगा जिससे ऊंचाई वाले इस क्षेत्र में स्वच्छ तथा टिकाऊ संचालन सुनिश्चित होगा।

दूध संग्रह के लिए आधुनिक मोबाइल ह्यमिल्क कलेक्शनह्ल एवं ह्यकूलिंग सिस्टमह्ल स्थापित किया जाएगा जिससे किसानों से सीधे दूध संग्रह, गुणवत्ता संरक्षण और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अधिकारियों ने कहा कि ये कदम लद्दाख के डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण, किसानों की आय बढ़ाने और खरीद प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। साथ ही बिजली से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने, दूध संग्रह को सुव्यवस्थित करने और किसानों को समय पर डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करने के उपाय भी किए गए हैं। भारतीय सेना के साथ नियमित दूध आपूर्ति व्यवस्था से इस क्षेत्र में डेयरी गतिविधियों को स्थिर बाजार मिला है जिससे संचालन की विश्वसनीयता बढ़ी है। डिजिटल सुधारों के तहत एआई आधारित निगरानी प्रणाली, मोबाइल दूध संग्रह इकाइयां और जलवायु अनुकूल शीतलन समाधान लागू किए गए हैं ताकि गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे। इन पहलों का असर अब दिखने लगा है। एक गांव के 74 किसानों से शुरू होकर अब यह नेटवर्क करीब 1,700 किसानों तक पहुंच गया है। दैनिक दूध संग्रह लगभग 7,000 लीटर तक पहुंच गया है ।

## अप्रैल में गर्मी, मई की शुरूआत ठंडी हवाओं के साथ, अभी जारी रहेगा बारिशों का दौर

**दिल्ली**

**दिल्ली** एनसीआर में मई की शुरूआत लोगों के लिए गर्मी से राहत लेकर आई है. आज सुबह से ही बादलों की आवाजाही और हल्की धूम देखने मिल रही है.

मौसम विभाग के अनुसार, यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण हुआ है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. पश्चिमी विक्षोभ के कारण पंजाब, हरियाणा, दिल्ली-ठउफ, राजस्थान में धूल भरी आंधी, बिजली चमकने और हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

## FIR दर्ज करने की याचिका खारिज



**इलाहाबाद**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका को पूरी तरह खारिज कर दिया है। यह मामला राहुल गांधी द्वारा दिए गए एक पुराने बयान से जुड़ा था, जिस पर शुक्रवार को हाईकोर्ट की एकल पीठ ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने पहले ही इस मामले में सुनवाई पूरी कर ली थी और 8 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

क्या था पूरा मामला?

यह विवाद राहुल गांधी के उस बयान से शुरू हुआ था जो उन्होंने 15 जनवरी 2025 को कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन के दौरान दिया था। याचिकाकर्ता सिमरन गुप्ता ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी का बयान देश के खिलाफ है। उन्होंने पहले संभल की निचली अदालत में शिकायत की थी, लेकिन वहां से अर्जी खारिज होने के बाद उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## 7 सांसदों के बीजेपी में जाने के बाद मान का शक्ति प्रदर्शन



**पंजाब**

**पंजाब** की भगवंत मान सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया, जो सर्वसम्मति से पारित हो गया। यह कदम तब उठाया गया जब कुछ दिन पहले ही आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। सरकार ने इस प्रस्ताव के जरिए यह साबित किया कि पंजाब के विधायकों का अपनी पार्टी और मुख्यमंत्री पर पूरा भरोसा है।

मुख्यमंत्री बोले- आप खत्म होने वाली पार्टी नहीं

विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर रही है। उन्होंने उन अफवाहों को खारिज कर दिया जिनमें कहा जा रहा था कि पार्टी खत्म हो जाएगी या विधायक दूसरी पार्टियों में चले जाएंगे। मान ने जोर देकर कहा कि ऐसी बातें सिर्फ जनता के बीच भ्रम फैलाने के लिए की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर से लेकर गोवा तक पार्टी का विस्तार हो रहा है और देश के कई हिस्सों में उनके विधायक, मेयर और पार्षद मौजूद हैं।

भारी बहुमत के साथ मजबूत स्थिति

पंजाब की 117 सीटों वाली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के पास भारी बहुमत है। सदन में आप के 94 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के 16, शिरोमणि अकाली दल (रअऊ) के तीन, भाजपा के दो, बसपा का एक और एक निर्दलीय विधायक है। सत्र के लिए पार्टी ने अपने सभी विधायकों को व्हिप जारी कर मौजूद रहने का आदेश दिया था।

## 'गरीब-गुरबा की पीठ पर यादवों की लाठी के निशान...'



**उत्तर प्रदेश**

**सुहेलदेव** भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है. सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि यादव समाज के लोग पहले मुगलों की सेना में भर्ती होकर गैर-यादव पिछड़ों को मारते थे.

कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने एक्स पर लिखा-"अखिलेश जी गैर-यादव ओबीसी समाज को उनका हक आखिर कब मिलेगा? वोट हमारा, राज तुम्हारा! तुम हमसे दंगे करवाओ, हमें लोगों से लड़वाओ और ओबीसी समाज का नारा दो. इतिहास में तुम्हारा कहीं कोई नाम नहीं मिलता. किसी विदेशी से संघर्ष नहीं किया. पहले मुगलों की सेना में सिपाही बनकर हमें मारते थे. अंग्रेजों की सेना में उनका सिपाही बनकर मारते थे. अब हमें एक दूसरे से लड़ाकर मूर्ख बनाकर राजनीतिक रूप से मारते हो. हमारा इतिहास महाराजा सुहेलदेव राजभर, रानी अवंती बाई लोधी का इतिहास है. हम अपना राजनीतिक अधिकार लेते रहेंगे. गरीब-गुरबा की पीठ पर यादवों की लाठी के निशान हैं. अखिलेश की सत्ता के लिए हम दरी नहीं बिछाएंगे, जय महाराजा सुहेलदेव राजभर, जय सुभासपा, जय ओबीसी."बता दें कि ओम प्रकाश राजभर केवल सोशल मीडिया पर ही नहीं विधानसभा में सपा पर जमकर बरसे हैं. गुरुवार (30 अप्रैल) को यूपी विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान भी सुभासपा प्रमुख का रौद्र रूप देखने को मिला था।

## हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पर महाविमर्श का शुभारंभ




**भोपाल**

**हिंदी** पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास की संयुक्त पहल पर प्रणाम! उदंत मार्तण्ड शीर्षक से तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श 8, 9 और 10 मई 2026 को भारत भवन, भोपाल होगा। शुभारंभ 8 मई को प्रातः 10:30 मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव करेंगें। विषय प्रवर्तन वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त श्री उदय माहूरकर करेंगे तथा अध्यक्षता आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) करेंगे।

इस मीडिया कुंभ में देश के 9 राज्यों से विभिन्न भारतीय भाषाओं के 60 से अधिक पत्रकार, संपादक, लेखक, एंकर, विचारक, शिक्षाविद् और मीडिया विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। सत्रों में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, अधिवक्ता एवं लेखक जे.साईं दीपक, वरिष्ठ पत्रकार जे. नंदकुमार, विष्णुप्रकाश त्रिपाठी, नगमा सहर, सईद अंसारी, उदय सिन्हा, अमिताभ अग्निहोत्री, जयंती रंगनाथन, डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, प्रो. कृपाशंकर चौबे, प्रो.सोमा बंदोपाध्याय, विकास मिश्र, प्रफुल्ल केतकर, प्रत्यूष रंजन, डॉ. सी. जयशंकर बाबु, शैलेश पाण्डेय, हितेश शंकर, प्रतीक त्रिवेदी, राशिद किदवई, अनिल पाण्डेय, दिलीप शर्मा, शरद गुप्ता, सलमान रावी के अलावा गुल्लक के लेखक दुर्गेश सिंह भी शामिल होगें।

चर्चा सत्रों में डिजिटल समय में टीवी पत्रकारिता, भारतीय पत्रकारिता का वैचारिक अधिष्ठान, भूमंडलीकरण के बाद का भारत और मीडिया, नए भारत का निर्माण, भारतीय भाषाओं का राष्ट्रीय स्वर जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस अवसर दो सौ वर्षों की पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा पर केंद्रित समाचार पत्रों की प्रदर्शनी भी लगेगी।

## महाकाल की नगरी व्रंल्ल में खुदाई के दौरान मिला विशालकाय शिवलिंग, हो सकता है 1000 साल पुराना!



**मध्य प्रदेश**

**मध्य** प्रदेश के उज्जैन से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर परिसर के पास खुदाई के दौरान एक विशाल और प्राचीन शिवलिंग मिला है। यह खोज उस समय हुई जब साल 2028 में होने वाले सिंहस्थ मेले की तैयारियों के लिए मंदिर के विस्तार का काम किया जा रहा था। शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे जब मशीन से जमीन समतल की जा रही थी, तभी मिट्टी के नीचे यह शिवलिंग दिखाई दिया।

जैसे ही जमीन से शिवलिंग निकलने की खबर फैली, पूरे इलाके में उत्साह का माहौल बन गया। मंदिर के पुजारियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शिवलिंग की पूजा-अर्चना की। फिलहाल खुदाई का काम रोक दिया गया है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अद्भुत शिवलिंग के दर्शन करने के लिए वहां जमा हो रहे हैं। कई लोग इसे भगवान महाकाल का शुभ संकेत मान रहे हैं।

## एमसीडी के नोटिस से दिल्ली के व्यापारियों में हड़कंप!

### सता रहा सीज होने का खतरा

**नईदिल्ली**

**दिल्ली** नगर निगम ने शहर के दुकानदारों, फैक्ट्री मालिकों, बैंक्वेट और होटल रेस्टोरेंट व्यापारियों के लिए एक नोटिस जारी किया है, जिससे व्यापारियों की नींद उड़ सकती है. एमसीडी के इस नोटिस के बाद से व्यापारियों पर उनका बिजनेस सीज होने का खतरा सता रहा है. इसी मुद्दे पर आज उळकके नेतृत्व में दिल्ली के व्यापारी संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल टउऊ कमिश्नर संजीव खिरवार से दोपहर 12.00 बजे मिल रहा है.

दरअसल, नोटिस के जरिए यह बताया गया है कि रिहायशी जमीन पर कमर्शियल काम नहीं किया जा सकता. अगर ऐसा हो रहा है तो दुकान या बिजनेस सील कर दिया जाएगा. यह आदेश सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया है, जिसका पालन करना जरूरी है.

नोटिस के मुताबिक, इसमें शामिल होने वाली प्रॉपर्टी की लिस्ट कुछ इस प्रकार है-

- सभी आवासीय कॉलोनियां, जिनमें अनधिकृत/नियमित (स्वीकृत) कॉलोनियां भी शामिल हैं
- समूह आवासीय सोसायटी और प्लॉटेड डेवलपमेंट
- एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी क्षेत्र, जिनमें ऐसे 'द्वीप' या पॉकेट्स भी शामिल हैं, जो भले ही तकनीकी रूप से प्रशासनिक सीमाओं के बाहर आते हों, लेकिन भौगोलिक रूप से एमसीडी क्षेत्रों के भीतर या उनसे घिरे हुए हों




नोटिस में लिखा है- इस संबंध में, आपको निर्देशित किया जाता है कि:

- अपने-अपने क्षेत्रों में विस्तृत फील्ड सर्वेक्षण और सत्यापन करें
- उन सभी मामलों की व्यापक और क्षेत्र-वार सूची तैयार करें, जहां आवासीय परिसरों का गैर-आवासीय उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है
- यह सुनिश्चित करें कि एकत्रित डेटा सटीक, सत्यापित और आवश्यक अभिलेखों द्वारा समर्थित हो, क्योंकि यही डेटा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष दाखिल किए जाने वाले शपथपत्र का आधार बनेगा
- किसी भी चूक या गलत रिपोर्टिंग के लिए उचित स्तर पर जिम्मेदारी तय करें
- तैयार की गई रिपोर्ट 07 दिनों के भीतर अतिरिक्त आयुक्त (इंजीनियरिंग) तक हर हाल में पहुंचना चाहिए,

ताकि शपथपत्र के संकलन और दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जा सके, जिसे अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यक्तिगत रूप से सत्यापित किया जाएगा

# सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से मजदूरों को मिल रही मदद : प्रवीण पटेल

## फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने मजदूर दिवस पर श्रमिकों से आत्मीय संवाद कर दी शुभकामनायें

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** सरकार मजदूरों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है जहां पंजीकृत मजदूरों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। बच्चों की शिक्षा,शादी हो या फिर गंभीर बीमारी सरकार हर कदम मजदूरों के साथ खडी.है। यह बाते शुक्रवार को मजदूर दिवस के मौके पर इफको में आयोजित श्रमिक जागरूकता एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि कही। मजदूरों के लिए भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा वर्तमान सरकार गरीबों मजदूरों एवं जरूरतमंदो की हितैषी है।आज गावं के विद्यालयों की स्थिति कान्वेंट स्कूलों जैसी है वहीं गावों की सड़के भी उच्च गुणवत्ता पूर्ण बनाई जा रही हैं। इकाई प्रमुख पीके सिंह ने मुख्य अतिथि सहित अनिल अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया और कहा की इफको मजदूरों के हित सदैव अग्रणी है। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मोके पर उपजिलाधिकारी जूही प्रसाद, शंभू शेखर, संजय भंडारी, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय महामंत्री विजय यादव के अलावा जनपद के उच्च अधिकारी एवं इफको के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



मजदूरों को प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित करते हुए फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल, इकाई प्रमुख पीके सिंह व एसडीएम जूही प्रसाद

# महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शोभा द्विवेदी के नेतृत्व में निकाला गया पैदल मार्च




**जसरा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल जसरा यमुनापार प्रयागराज के खण्ड विकास कार्यालय जसरा में यमुनापार प्रयागराज के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के निदेशानुसार महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शोभा द्विवेदी के नेतृत्व में ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत सिंह की अगुवाई में नारी शक्ति बंदन अधिनियम के तहत विपक्षियों द्वारा महिला बिल पर कटाक्ष करते हुए उसे न लागू होने देने पर ब्लॉक सभागार में संयुक्त रुप से जन आक्रोश आन्दोलन के स्वरूप में ब्लाक से जसरा बाजार तक पैदल मार्च निकाला गया। साथ ही मार्च करते हुए हाथों में पोस्टर, स्लोगन लेकर रैली निकाली गई। अपने स्वाभिमान में महिलाऐं नारेबाजी भी करती दिखाई दी। नारे में नारी शक्ति का अपमान, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान।

क्यों पड़े हो चक्कर में, कोई नहीं है टक्कर में आदि नारे लगाते हुए पैदल मार्च किया। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष भूपेन्द्र पाठक, अशोक तिवारी, वीरेन्द्र पाठक, प्रीतम केसरवानी, कमला द्विवेदी, नीशू केसरवानी, राकेश पाठक, अर्जुन विश्वकर्मा सहित दर्जनों महिलाओं ने पैदल मार्च में हिस्सा लिया।

# दिनदहाड़े गैस सिलेंडर पर हाथ साफ, CCTV में कैद हुई वारदात

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े गैस सिलेंडर चोरी की घटना सामने आई है। शहर में रसोई गैस की किल्लत के बीच इस तरह की घटनाएं बढ़ने लगी हैं, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

जानकारी के मुताबिक, महबूबा पैलेस के पास एक व्यक्ति ने अपनी स्कूटी के बगल में गैस सिलेंडर रखा हुआ था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे। एक युवक ने पहले आसपास नजर दौड़ाई, जबकि दूसरे ने मौके का फायदा उठाते हुए सिलेंडर उठाया और दोनों तुरंत वहां से फरार हो गए। चोरी इतनी तेजी से की गई कि आसपास मौजूद लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। जब स्कूटी मालिक वापस लौटा, तो सिलेंडर गायब देख उसके होश उड़ गए। इसके बाद उसने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें दोनों आरोपी स्पष्ट रूप से चोरी करते नजर आए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में गैस की कमी के कारण सिलेंडरों की मांग बढ़ गई है, जिसका फायदा चोर उठा रहे हैं। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही करेली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुरानी रंजिश में मार पीट तीन पर केस दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर परिवार के लोगो ने गाली गुप्ता जान से मारने के धमकी देते हुए घर पर आ गये ।विरोध करने पर मार पीट कर बेहोश कर दिए।पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बुआपुर निवासी गुलाम रसूल का आरोप है कि वह घर में लेटा था तभी परिवार के लोग पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर में आकर गालियां देते हुए जान मारने की धमकी देते हुए उसे मार पीट कर बेहोश कर दिए। गुलाम रसूल ने मऊआइमा थाना में गुलाम गौस, गुलाम अहमद उर्फ अरमान, अख्तरी बानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया है।

# कॉउंसिल द्वारा अंकित विद्या निकेतन इंटर कालेज को शत प्रतिशत परिणाम पर मिला सम्मान





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में अंकिता विद्या निकेतन कालेज राम नगर चौराहा अरैल नैनी के लिए यह गौरव का क्षण रहा, जब पत्रकार विकास काउंसिल के राष्ट्रीय महासचिव एवं सी न्यूज भारत के स्टेट हेड डी.के मिश्र एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला बिंग बबिता शर्मा द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विद्यासागर मिश्र एवं प्रबंधक अनिल कुमार मिश्र और उप प्रधानाचार्य राधेश्याम त्रिपाठी को यूपी बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम आने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉउंसिल के पदाधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधक की सराहना करते हुए कहा कि उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण, अनुशासित शिक्षण व्यवस्था एवं शिक्षकों की मेहनत का ही परिणाम है कि विद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। विद्यालय परिवार ने इस सम्मान को छात्रों, अभिभावकों एवं समस्त शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम बताया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प व्यक्त किया। प्रधानाचार्य डॉ विद्यासागर मिश्र ने बताया की यह हमारे विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है और हम चाहते हैं हर वर्ष यह दिन देखने को मिले जिससे कि हमारे विद्यालय की गरिमा बनी रहे। उप प्रधानाचार्य राधेश्याम त्रिपाठी ने बताया कि हम हिंदी के अध्यापक हैं और हम चाहते हैं हिंदी हमारी मातृभाषा है और सभी बच्चे इसका गहन अध्ययन करें जिससे मातृभाषा का गौरव बना रहे। सम्मान समारोह में राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी संदीप सिंह संरक्षक नीलकमल तिवारी शैलेंद्र शर्मा सीताराम त्रिपाठी अंकित मिश्रा के साथ शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## ‘मेरे बच्चे’ का मंचन 3 और 4 मई को, बैकस्टेज प्ले हाउस में सजेगा रंगमंच

**प्रयागराज।** उत्तर भारत की चर्चित और सक्रिय नाट्य संस्था बैकस्टेज एक बार फिर रंगमंच प्रेमियों के लिए खास प्रस्तुति लेकर आ रही है। संस्था द्वारा नाटक ‘मेरे बच्चे’ का मंचन 3 मई (रविवार) और 4 मई (सोमवार) को शाम 7 बजे किया जाएगा। यह प्रस्तुति संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से बैकस्टेज प्ले हाउस, 105/14-बी, जवाहर लाल नेहरु रोड, जॉर्ज टाउन में आयोजित होगी। नाटक ह्यमेरे बच्चेह्व प्रसिद्ध नाटककार आर्थर मिलर के चर्चित अंग्रेजी नाटक ‘ऑल माय संस’ पर आधारित है, जिसका भारतीय रूपांतरण प्रतिभा अग्रवाल ने किया है। इस नाटक का निर्देशन प्रवीण शेखर ने किया है, जिन्होंने इसे भारतीय सामाजिक संदर्भों के अनुरूप मंच पर जीवंत रूप देने का प्रयास किया है। प्रस्तुति में सतीश तिवारी, अमर सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, चाहत जायसवाल, कुमार सानू, उपासना तिवारी और वर्षा सिंह प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं प्रकाश परिकल्पना का दायित्व टोनी सिंह ने संभाला है और संगीत संयोजन अमर सिंह द्वारा किया गया है।संस्था के अनुसार, यह नाटक पारिवारिक संबंधों, नैतिक द्वंद्व और सामाजिक जिम्मेदारियों जैसे गंभीर विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है, जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगा।

# शोषण से बचने के लिए एकजुटता के साथ संगठित रहना जरुरी : पंकज पाण्डेय

## इफको यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने कर्मचारियों से की संगठित रहने की अपील

**इफको के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय यादव ने उपहार भेंट कर की दीर्घायु की कामना**

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** देश निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाला श्रमिक हमेशा से शोषण का शिकार रहा है। आज भी विभिन्न संस्थानों में मजदूरों का शोषण किया जाता है परन्तु समय के साथ शोषण करने का तरीका बदला है। ऐसे में मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सदैव एक कदम आगे की सोच रखनी चाहिए। यह बातें शुक्रवार को मजदूर दिवस के अवसर पर इफको में आयोजित संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने कही?।

श्रमिकों की श्रमशक्ति को सर्वोच्च शक्ति बताते हुए उन्होंने कहा की जो व्यक्ति इमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा हो वो पूजनीय है। साथ ही उन्होंने कहा की शोषण के खिलाफ लडने के लिए एकजुटता के साथ संगठित रहने की भी जरुरत है। संघ के महामंत्री विजय यादव ने कहा मजदूर दिवस श्रमिकों के लिए गर्व का दिवस है। मजदूरों की बदौलत ही एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है। इस दौरान इफको संयंत्र में कार्यरत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संघ के पदाधिकारियों ने माला पहनाते हुए बुके व उपहार भेंट कर उनके दीघार्यु की कामना की। इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय यादव ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंगवस्त्र भेंटकर उनकी कार्यकुशलता व कर्त्तव्यपरायणता की तारीफ करते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही उन्होंने इफको कर्मचारियों के हितार्थ सदैव अग्रणी रहने पर इफको के प्रबंध निदेशक के साथ ही ईकाई प्रमुख के प्रति भी अपना आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अभय राज यादव ने किया। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष धर्म सिंह पटेल, संगठन मंत्री सालिक राम पटेल, आरसी गौतम, अभिषेक पटेल, अंबुज शुक्ला, अशोक कुमार कुशवाहा, संतोष कुमार, राजीव कुमार सिंह सहित इफको कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी सदस्यों के साथ ही अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



इफको के सेवानिवृत्त कर्मचारी को उपहार भेंट करते कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय यादव

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में आदित्य शुक्ला ने जीता स्वर्ण पदक, क्षेत्र का नाम किया रोशन

**सहसों।** क्षेत्र के सोपरवारी गांव निवासी मेधावी छात्र आदित्य हृदय शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। वर्तमान में आदित्य सेंट्रल एकेडमी विद्यालय में कक्षा 8 के छात्र हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें देश-विदेश के हजारों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आदित्य ने अपनी मेहनत, लगन और हिंदी भाषा के प्रति गहरी रुचि के दम पर प्रथम स्थान हासिल कर यह गौरवपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की। आदित्य की इस सफलता पर उनके पिता हर्षवर्धन शुक्ला एवं बाबा, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष शुक्ला (हाई कोर्ट) ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार का संतुलन ही बच्चों को



सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। उन्होंने बताया कि परिवार में शुरू से ही शिक्षा और नैतिक मूल्यों का वातावरण रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम आज देखने को मिला है।

आदित्य की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर उन्हें भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

# झपट्टा मार मोबाइल लूट का खुलासा, उतराव पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना उतरांव पुलिस ने मोबाइल लूट की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है ।थाना अध्यक्ष विनय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार को कसियापुर हाईवे फ्लाईओवर के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूटा गया वीवो कंपनी का मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल की गई अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है ।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अर्जुन सिंह (21 वर्ष), निवासी फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर, थाना बहरिया, और सोनू बैगा (26 वर्ष), निवासी अजना, थाना हंडिया के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, ये दोनों मोबाइल छीनने की कई घटनाओं में शामिल थे और काफी समय से फरार चल रहे थे।




बरामदगी के आधार पर मामले में संबंधित धाराओं को बढ़ाया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी सोनू बैगा का आपराधिक इतिहास है, जिसमें पूर्व में आर्म्स एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है ।इस कार्रवाई में थाना अध्यक्ष विनय सिंह के साथ उपनिरीक्षक अमित कुमार चौबे, इमरान, सुरेश कुमार, अवनीश कुमार यादव और अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# थानापुर में पुलिस चौकी निर्माण का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ भूमि पूजन

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के थानापुर में प्रस्तावित पुलिस चौकी निर्माण कार्य का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। आचार्य पंडित अजय शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में एसीपी अरुण कुमार पाराशर, थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडे, चौकी प्रभारी अमरदेव सिंह तथा ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी सिंह चंदेल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भूमि पूजन के साथ ही पुलिस चौकी भवन के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरूआत कर दी गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में इस पहल को महत्वपूर्ण कदम बताया।



गौरतलब है कि 30 मार्च से थानापुर में अस्थायी रूप से पुलिस चौकी संचालित की जा रही है, जहां आसपास के करीब दस गांवों के लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। स्थायी भवन बनने के बाद यहां पुलिस व्यवस्था और अधिक प्रभावी होने की उम्मीद है। भूमि पूजन के पश्चात पिलर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया। इस अवसर पर संजय सिंह चंदेल, अजीत प्रताप सिंह, अजय सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रेम बहादुर सिंह, राम बहादुर सिंह, बम बहादुर शर्मा सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# टौंस नदी में नहाते समय दो मासूम डूबे एक की मौत दूसरे की हालत गंभीर

## मृतक मासूम अर्पित यादव की मौत से परिजनों हाल बेहाल गांव में पसरा मातम, जांच में जुटी सिरसा चौकी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** टौंस नदी में नहाने गए दो मासूमों में एक की मौत होने की जानकारी जहां सामने आई है वहीं दूसरा को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराये जाने का मामला प्रकाश में आया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार मेजा थाना व पुलिस चौकी सिरसा क्षेत्र के बगहा गांव निवासी 7 वर्षीय अर्पित यादव पुत्र आशू यादव अपनी ही उम्र के साथी शिवम (पुत्र शिवमनी) के साथ बगहा गांव के समीप स्थित टौंस नदी के कछार में नहाने गए थे, बताते हैं कि नहाते समय दोनों दोनों मासूम कुछ समझ नहीं पाए और वे नदी के बहाव में गहरे पानी में चले गए। इस दौरान घाट पर मौजूद लोगों की नजरें जैसे ही डूबते हुए दोनों मासूमों पर पड़ी शोर मचाते हुए बचने की कोशिश में मछुआरों के साथ जुट गए, जिसके बाद मछुआरों ने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए नदी में छलांग लगाकर डूबते हुए दोनों बच्चों को बाहर निकाला और आनन फानन में इलाज हेतु उन्हें सीएचसी रामनगर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने अर्पित को मृत घोषित कर दिया और शिवम को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सिरसा अनिल पांडेय मय फोर्स मौके पहुंचे और मृत अर्पित के शव को कब्जे लेकर जांच पड़ताल में जुट गए। बता दें कि अर्पित की मौत से परिजनों का जहां रो रो बुरा हाल है वहीं पूरे गांव में मातम और गम का माहौल है। हालांकि गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती शिवम की स्थिति भी नाजुक बनी हुई है। फिलहाल चौकी पुलिस पूरी घटना को लेकर जांच पड़ताल में जुटी है।

# हाईकोर्ट सख्तः सुनवाई में अनुपस्थित रहने पर 50 हजार रुपये का जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय का समय बर्बाद करने पर सख्त रुख अपनाते हुए विपक्षी पक्षकार पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की कि आदेश के बाद भी सुनवाई में उपस्थित न रहना न्यायिक प्रक्रिया के प्रति लापरवाही दशार्ता है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने उस समय दिया, जब विपक्षी रामसागर सिंह के अधिवक्ता सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद नहीं थे। मामले में याची नारायणी प्रसाद सिंह ने याचिका दाखिल कर मुख्य रजिस्ट्रार, फर्म, सोसायटी एवं चिट्स उत्तर प्रदेश को उनके ज्ञापनों पर शीघ्र निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग की थी। इससे पहले कोर्ट ने रजिस्ट्रार को छह सप्ताह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए थे।

इस आदेश के खिलाफ विपक्षी रामसागर सिंह ने विशेष अपील दाखिल की थी। अपील में उनका कहना था कि उनका पक्ष सुने बिना ही आदेश पारित कर दिया गया, जबकि याचिका में उनके विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई की मांग भी की गई थी।

बाद में दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने पूर्व आदेश को निरस्त करते हुए मामले को पुनः सुनवाई के लिए बहाल कर दिया। हालांकि, पुनः सुनवाई के दौरान विपक्षी के वकील की अनुपस्थिति पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई।

कोर्ट ने कहा कि जब विपक्षी स्वयं उच्च पीठ का दरवाजा खटखटाता है और फिर अपने पक्ष में दलील रखने के लिए उपस्थित नहीं होता, तो यह न्यायालय के बहुमूल्य समय की बबार्दी है। इसी के चलते कोर्ट ने 50 हजार रुपये का हजार्ना लगाया। साथ ही मुख्य रजिस्ट्रार को निर्देश दिया गया है कि वह सभी पक्षों को सुनने के बाद याची के ज्ञापन पर कानून के अनुसार निर्णय लें।

# राहुल गांधी को हाईकोर्ट से राहत बयान पर FIR की मांग खारिज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज कराने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका उनके भाजपा और आरएसएस को लेकर दिए गए बयान के विरोध में दायर की गई थी। कोर्ट के इस फैसले से राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है।

मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम डी. चौहान की एकल पीठ ने की थी। 9 अप्रैल को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था, जिसे शुक्रवार को सुनाते हुए कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी।यह याचिका चंदौसी निवासी सिमरन गुप्ता की ओर से दायर की गई थी। इसमें संभल जिले की चंदौसी कोर्ट के 7 नवंबर 2025 के आदेश को चुनौती दी गई थी। निचली अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ दायर याचिका को कमजोर आधार वाला बताते हुए खारिज कर दिया था, जिसके बाद याचिकाकर्ता हाईकोर्ट पहुंची थीं। इससे पहले 21 मई 2025 को संभल की जिला अदालत ने राहुल गांधी को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था। बाद में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने समन भी जारी किया, लेकिन अंततः याचिका खारिज कर दी गई थी।

याचिका में आरोप लगाया गया था कि राहुल गांधी ने 15 जनवरी 2025 को दिए एक बयान में कहा था कि उनकी लड़ाई भाजपा, आरएसएस और भारत सरकार से है। इसी बयान के आधार पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई थी। हालांकि, विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने अधिकार क्षेत्र का हवाला देते हुए इस आवेदन को खारिज कर दिया था।

बताया गया कि यह बयान दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान दिया गया था। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी विचारधारा हजारों साल पुरानी है और वह आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ है। उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर देश के संस्थानों पर नियंत्रण का आरोप भी लगाया था, साथ ही मीडिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाए थे।

# पति की आय के आधार पर तय होगा गुजारा भत्ता, हाईकोर्ट ने घटाई राशि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुजारा भत्ता से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि पत्नी को भत्ता तय करते समय पति की वास्तविक आय को आधार बनाया जाना चाहिए। कोर्ट ने परिवार अदालत के आदेश में संशोधन करते हुए गुजारा भत्ता की राशि कम कर दी।

न्यायमूर्ति अनिल कुमार ने आजमगढ़ निवासी रवि प्रकाश चौहान व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि याची पति ग्राम रोजगार सेवक है, जिसकी स्वीकृत मासिक आय 10 हजार रुपये है। ईपीएफ कटौती के बाद उसे करीब 7788 रुपये प्रतिमाह प्राप्त होते हैं, ऐसे में उससे 6 हजार रुपये प्रति माह गुजारा भत्ता देना उचित नहीं ठहराया जा सकता। मामले में परिवार अदालत ने पहले धारा 125 के तहत 3 हजार रुपये प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था, जिसे बाद में संशोधित कर 2 हजार कर दिया गया। इसके अतिरिक्त धारा 12 के तहत एकमुश्त 60 हजार रुपये देने का आदेश भी दिया गया था। अपील के बाद इसे 4 हजार रुपये प्रतिमाह में परिवर्तित कर दिया गया। इस प्रकार कुल 6 हजार रुपये मासिक भुगतान का आदेश प्रभावी हो गया था। याची ने हाईकोर्ट में दलील दी कि इतनी बड़ी राशि देने पर उसकी आय का अधिकांश हिस्सा खर्च हो जाएगा और उसके पास स्वयं के लिए कुछ नहीं बचेगा। साथ ही यह भी कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के निदेर्शों के अनुसार गुजारा भत्ता पति की आय के अनुपात में ही तय किया जाना चाहिए।

दलीलों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने आदेश में संशोधन करते हुए याची को अपनी पत्नी रंजना चौहान को 2500 रुपये प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भत्ता निर्धारण में पति की वास्तविक आय और आर्थिक स्थिति का संतुलित आकलन आवश्यक है।

# शादी न कराने का आरोप, महिला ने परिवार के खिलाफ दी तहरीर

**प्रयागराज ।** शहर में एक 41 वर्षीय महिला ने अपने ही परिवार के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसके माता-पिता, भाई-बहन और अन्य परिजन जानबूझकर उसकी शादी नहीं करवा रहे हैं।महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लंबे समय से विवाह करना चाहती है, लेकिन परिवार के लोग उसके लिए उचित रिश्ता नहीं तलाश रहे हैं। इस कारण वह मानसिक रूप से परेशान है और अंततः उसे पुलिस की शरण लेनी पड़ी।शिकायत में महिला ने पुलिस से अनुरोध किया है कि परिवार को निर्देश दिए जाएं, ताकि उसके लिए योग्य वर की तलाश की जा सके और उसका विवाह कराया जा सके।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को समझने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लाक प्रमुख पर हमला, स्कार्पियो में तोड़फोड़

## बाइक में स्कार्पियो छू जाने पर बिगड़ी बात, अभद्रता का आरोप

**शुक्रवार दोपहर सुरवल साहनी जाते समय नारीबारी में हंगामा**

**अखंड भारत संदेश**





**शंकरगढ़।** स्कार्पियो से एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहीं ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़ निर्मला देवी पर नारीबारी में कुछ लोगो ने हमला कर दिया। आरोपित है कि इस दौरान निर्मला सिंह की गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। विरोध पर महिला प्रमुख के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। मारपीट व साड़ी खींचने की बात सामने आई है। जबरिया रुपया भी वसूला गया।

सरेआम दोपहर दो बजे हुई इस घटना से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों के पहुंचने पर किसी तरह मामला शांत हुआ। मामले की शिकायत शंकरगढ़ पुलिस से की गई है। इस मामले में एसीपी बारा वेदव्यास मिश्रा ने बताया कि संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। महिला प्रमुख के साथ घटना कारित करने वालों के बख्सा नहीं जाएगा।

पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक एक मई, शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी, ग्राम प्रधान बढ़इया पुष्पराज सिंह और अन्य सहयोगी एक स्कॉर्पियो से सुरवल साहनी में आयोजित निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। स्कार्पियो जैसे ही नारीबारी चौराहे के पास पहुंची, कुछ युवक बाइक से स्कार्पियो के आगे पहुंचे और वाहन छू जाने की बात पर विवाद खड़ा कर दिया।

शिकायत में कहा गया है कि बाइक सवार युवकों ने स्कॉर्पियो को जबरन रुकवाया, गाली-गलौच शुरू की और माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। बात बढ़ने पर प्रमुख निर्मला देवी, प्रधान पुष्पराज सिंह आदि के साथ हाथापाई हुई। स्कार्पियो का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया गया और रुपये भी वसूले गए।

घटना के बाद ब्लॉक प्रमुख नारीबारी पुलिस चौकी पहुंची और मामले की तहरीर दी। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सूत्रों के मुताबिक, ब्लॉक प्रमुख देर रात तक थाने में मौजूद रहीं और त्वरित कार्रवाई पर जोर दिया। समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज किए जाने की प्रक्रिया जारी थी।

# मेजा ऊर्जा निगम में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस

## एमयूएनपीएल में कार्यरत श्रमिकों को मिले स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ : राजमणि कोल

**निगम में कार्य कर रहे 57 संविदा कर्मियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं समर्पित सेवाओं के लिए किया गया सम्मानित, एसडीएम मेजा एसपी यादव और सीईओ जी श्रीनिवास ने श्रमिकों के महत्वपूर्ण योगदान की किया प्रशंसा और उनकी सुरक्षा हेतु फीडबैक तंत्र की आवश्यकता पर दिया गया जोर**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम प्रा लि प्रांगण में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,जिसमें श्रमिकों के साथ साथ कोरांव विधायक राजमणि कोल, जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम मेजा एसपी यादव

परियोजना प्रमुख जी श्रीनिवास राव,निगम के अन्य उच्चाधिकारीगण, यूनियन एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी व संविदा श्रमिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक, एसडीएम, सीईओ, एचओ एचआर एवं साइट विजिलेंस अधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्रमिकों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की तथा उन्हें निरंतर समर्पण एवं अनुपालन के लिए प्रेरित किया। साथ ही मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्रियों के संदेश का सीधा प्रसारण उत्सव भवन एवं प्लांट कैंटीन में प्रदर्शित किया गया, जिससे श्रमिको व उनके आश्रितों के हितो के बारें में प्रदेश स्तर पर चल रहे कार्यक्रमों के बारें में जानकारी साझा की गयी। कार्यक्रम के दौरान एमयूएनपीएल सीईओ ने श्रमिकों की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए एक सुदृढ़ फीडबैक तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया।साइट विजिलेंस अधिकारी ने कारखाने में कार्य करते समय संविदा श्रमिकों के अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जहां जानकारी दी। वहीं, विभागाध्यक्ष (मा०सं०) द्वारा नए श्रम संहिताओं पर जानकारी साझा की गई, जिसमें प्रमुख प्रावधानों के साथ-साथ संविदा श्रमिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों को विस्तार से समझाया गया। इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम द्वारा आयुष्मान कार्ड के ऑन साइट पंजीकरण की सुविधा भी प्रदान की गई, जिससे प्रदेश स्तर पर संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ श्रमिकों को सुनिश्चित रूप से मिल सके।



अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर मेजा ऊर्जा निगम में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्रमिकों को सम्मानित करते विधायक कोरांव

कार्यक्रम के दौरान 57 संविदा कर्मियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं समर्पित सेवाओं के लिए विधायक कोरांव द्वारा सम्मानित किया गया जिससे सराहना एवं प्रेरणा की भावना को बढ़ावा मिला। यह कार्यक्रम संगठन की श्रमिक कल्याण, जागरूकता एवं समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।

# महायज्ञ से पापों का नाश और जीवन सफल होता है : बैजनाथ महाराज



**नैनी।** नैनी महायज्ञ से मनुष्य के जीवन में मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह विचार परम पूजनीय बैजनाथ महाराज, सीताराम आश्रम प्रयागराज ने व्यक्त किए। आयोजित पूजन और आरती में वार्ड नंबर 81 नैनी के वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर वरिष्ठ विद्वानों द्वारा समस्त पापों के नाश और विश्व कल्याण के उद्देश्य से महायज्ञ का आयोजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम पार्षद कार्यालय दक्षिणी लोकपुर में आयोजित हुआ जहां यज्ञ के माध्यम से मानव जीवन को सफल और कल्याणकारी बनाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ आचार्य वेद विद्या मार्तंड पंडित सुभाष चंद्र ओझा, सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार यादव, प्रदीप महरा, शिव शंकर दीक्षित, आलोक सिंह (एडवोकेट), नीरज शर्मा, प्रदीप तिवारी, राज सिंह, सुधीर प्रजापति, उमेश सेन, संजय श्रीवास्तव, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नैनी में भाजपा नेता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**नैनी।** नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम जायसवाल का जन्मदिन उनके कार्यालय में समर्थकों द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विनय जायसवाल ह्यबाबाह्ल एवं व्यापारी नेता लाल जी जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने केक काटकर और अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान हरि कृष्ण तिवारी बबलू

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं महानगर संयोजक ने अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद विनय जायसवाल बाबा ने कहा कि घनश्याम जायसवाल लंबे समय से समाज और व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं और उनका यह समर्पण आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

इस मौके पर सुशील गुप्ता, सुनील जायसवाल, राहुल जायसवाल पत्रकार, पिंटू विश्वकर्मा, विक्की कौशल, पप्पू मास्टर, अशोक अग्रवाल, माधो विश्वकर्मा, दशरथ जायसवाल सहित अनेक समर्थक उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर, व्यापार मंडल नैनी के अध्यक्ष एवं पार्षद राकेश जायसवाल ने मेवलाल बगिया चौराहे पर घनश्याम जायसवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सुभाष चंद्र केसरवानी, राजेश शर्मा, राजीव वर्मा गुड्डु, धर्मराज पटेल, हासीम खान, सोनू मिश्रा, विनोद माली समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणीः आरोपी की तलाश में परिजनों को परेशान करना असंवैधानिक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि फरार आरोपी की तलाश के नाम पर उसके परिजनों को परेशान करना न सिर्फ गैरकानूनी है, बल्कि संविधान की भावना के भी विपरीत है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने रिटायर्ड कैप्टन मंगल सिंह की याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

याचिका में आरोप लगाया गया कि पुलिस लगातार उनके घर पर दबिश दे रही है और उन्हें व उनकी पत्नी को थाने बुलाकर उनके बेटे के ठिकाने की जानकारी देने के लिए दबाव बना रही है। बताया गया कि याची का पुत्र संदीप तोमर दहेज हत्या के मामले में आरोपी है और फरार चल रहा है। उसकी अपील पहले ही पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से खारिज हो चुकी है।

मामले में यह भी सामने आया कि पंजाब पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कानपुर नगर की गुजैनी थाना पुलिस की मदद ली, जिसके बाद याची के घर पर कई बार दबिश दी गई। इस पर कोर्ट ने कहा कि आरोपी की तलाश के नाम पर परिवार को प्रताड़ित करना कानून के दायरे में नहीं आता।

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति द्वारा अपने परिजन से संबंध खत्म करने का कोई आधिकारिक प्रमाण पत्र नहीं होता, ऐसे में इस आधार पर पुलिस का सवाल उठाना गलत और भ्रामक है। न्यायालय ने पुलिस की इस कार्यशैली को ब्रिटिश काल की पुरानी और असंवैधानिक पद्धति करार दिया, जो वर्तमान समय में स्वीकार्य नहीं है।

सुनवाई के दौरान यह भी पाया गया कि याची और उसकी पत्नी को बार-बार थाने बुलाया गया, जो उनकी निजता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए पुलिस को निर्देश दिया कि याची और उसके परिवार को किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाए, न ही उन्हें थाने बुलाया जाए और न ही उनके घर पर दबिश दी जाए।

साथ ही संबंधित थाना प्रभारी को भविष्य में इस तरह की कार्रवाई से बचने की चेतावनी भी दी गई है।

# थाना थरवई में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत महिलाओं-बेटियों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**



**थरवई।** मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना थरवई मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। शुक्रवार को थाना क्षेत्र थरवई के हेतापट्टी में मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी आकांक्षा द्विवेदी व टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिला आरक्षी विनीता, रंजू ने महिलाओं और बालिकाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिलाओं को महिला सशक्तिकरण एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य था महिलाओं, बेटियों व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाना। साथ ही आपात स्थिति में उपयोग होने वाले हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई जिनमें 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा और 1930 साइबरअपराध हेल्पलाइन शामिल हैं। महिलाओं को आवश्यकता पड़ने पर इन नंबरों का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, शादी अनुदान योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि पर बड़े ही विस्तार से उन्हें बताया गया।

# श्रमिक दिवस पर सुखपाल नगर में भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक संस्थान, सुखपालनगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न उद्योगों से जुड़े महिला एवं पुरुष श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण श्रमिकों को दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा श्रमिक कल्याण एवं उनके अधिकारों को लेकर दिए गए महत्वपूर्ण संबोधन को सभी उपस्थित श्रमिकों ने ध्यानपूर्वक सुना। मुख्यमंत्री के संबोधन में श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने, रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के संकल्प को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। इस अवसर पर जनपद के प्रमुख उद्यमीकृ अनुराग खण्डेलवाल, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, दिनेश वरनवाल, राज किशोर साहू एवं संतोष साहू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता के प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपायुक्त उद्योग श्री एस.एस. रावत द्वारा जिलाधिकारी एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का वातावरण श्रमिकों के सम्मान एवं उनके योगदान की सराहना से ओत-प्रोत रहा। जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक देश की आर्थिक प्रगति की रीढ़ हैं। उनके परिश्रम एवं समर्पण के बिना औद्योगिक विकास की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने श्रमिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में श्रमिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# युवक की लाठी-डंडों से पिटाई, मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के सदाह गांव में गुरुवार देर रात एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने कई नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सदाह गांव निवासी इंद्रजीत यादव ने शुक्रवार को दोपहर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गुरुवार की देर रात वह अपने घर के पास पेड़-पौधों में पानी दे रहा था। इसी दौरान पड़ोसी गांव के रहने वाले रोहित यादव, अंशुल यादव, हरकेश यादव, उत्सव यादव और आयुष यादव अचानक वहां पहुंच गए और पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमले के दौरान उसे बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर जब परिवार के अन्य सदस्य बचाव के लिए मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इस संबंध में कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## न्यूज झरोखा

### करंट से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत



**कुंडा।** बाघराय थाना क्षेत्र के बारों ग्रामसभा में उस समय सनसनी फैल गई जब देश का राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में पाया गया। जानकारी के अनुसार, गांव के ही निवासी अनुराग त्रिपाठी गोलू, जो उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत हैं ने खंभे के पास एक मृत मोर को देखा। इंसानियत और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए उन्होंने बिना देर किए बाघराय थाना और वन विभाग को सूचना दी। हालांकि, सूचना के बाद भी संबंधित विभागों को मौके पर पहुंचने में काफी समय लग गया। घंटों इंतजार के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मोर के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए अपने साथ ले गई। इस घटना के बाद जहां एक ओर प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अनुराग त्रिपाठी ह्यगोलूह्न की संवेदनशीलता और जागरूकता की ग्रामीणों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर हर व्यक्ति इसी तरह अपने कर्तव्यों और पर्यावरण के प्रति सजग हो जाए, तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है।

### दहेज उत्पीड़न को लेकर पति के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** विवाहिता के उत्पीड़न को लेकर पति के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला निवासी शिवराम गुप्ता की पुत्री प्रियांशी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व लीलापुर थाना क्षेत्र के रामपुर भेड़ियानी निवासी रवि गुप्ता पुत्र मथुरा के साथ हुई थी। तहरीर में कहा गया है कि शादी के पांच माह बाद उसका पति रवि दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि पति रवि ने दहेज की मांग को लेकर पीड़िता के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोपी द्वारा विवाहिता का मोबाइल फोन भी तोडकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़िता के मुताबिक पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर घर दुबारा आने पर उसे जानलेवा धमकी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रवि गुप्ता के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गालीगलौज व धमकी तथा तोडफोड़ का केस दर्ज किया है।

### मारपीट व धमकी को लेकर आरोपी के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** पीड़िता के साथ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के हरनाहर भोरई का पुरवा निवासिनी शान्ती देवी पत्नी स्व0 जमुना प्रसाद तिवारी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस अप्रैल को सुबह दस बजे गांव का मोहित तिवारी पुत्र नर्वदा तिवारी बाइक से उसके दरवाजे गिर पड़ा। इस बीच आरोपी द्वारा पीड़िता के पुत्र के साथ गालीगलौज शुरू की गयी। विरोध जताने पर आरोपी द्वारा मारपीट शुरू कर दी गयी। बीचबचाव के लिए पीड़िता वहां पहुंची तो आरोपी ने पत्थर से हमला कर उसे चुटहिल कर दिया। शोरशराबा होने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी मोहित तिवारी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

### लोक कल्याण के लिए हुआ भण्डारा, भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में लोक कल्याण की मंगलकामना को लेकर शुक्रवार को भण्डारे का आयोजन हुआ। भगवान घुइसरनाथ जी का पुष्पाभिषेक कर भक्तों ने सर्वकल्याण की प्रार्थना की। वहीं शिव संकीर्तन में श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। भण्डारे में लालगंज के धधुआ गाजन स्थित आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल की निदेशिका श्रुति शुक्ला एवं संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने भक्तों को प्रसाद वितरित किया। आयोजन में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शशिभूषण शुक्ला के सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार की भी वक्ताओं ने सराहना की। संयोजन महेन्द्र पाठक ने किया। इस मौके पर विधायक मोना के प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय, डॉ0 सौरभ मिश्र, सुशीला मिश्रा, लीना तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, योगेन्द्र शुक्ल, गरिमा मिश्रा, प्रधानाचार्य शुभ्रांशु सिंह आदि रहे।

# उतरार में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई भगवान बुद्ध की जयंती



**कुंडा।** बाबागंज विकास खण्ड की ग्राम पंचायत उतरार में भगवान बुद्ध की जयंती श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के माहौल में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन बाबा साहब स्मारक स्थल पर किया गया, जहां ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्र होकर भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन, उनके सिद्धांतों और उनके द्वारा दिए गए अहिंसा, करुणा एवं सत्य के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में भगवान बुद्ध के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं, जिन्हें अपनाकर समाज में शांति और भाईचारा स्थापित किया जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भगवान बुद्ध के आदर्शों पर चलने और समाज में प्रेम, सद्भाव व नैतिकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षक कमलेश गौतम, समाजसेवी अमित मौर्य, बाबूलाल मौर्य, विकास सरोज, संदीप यादव, साजन सरोज व अरमान गौतम सहित अनेक गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद रहे।

# मौसी की शादी में आए मासूम की तालाब में डूबने से हुई मौत

## नहाते समय हुआ हादसा, 20 मिनट बाद निकाला गया शव



**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के भरोखन गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे ने खुशियों के माहौल को मातम में बदल दिया। मौसी की शादी में शामिल होने आया 10 वर्षीय मासूम तालाब में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक अनिकेत मिश्रा आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव निवासी विमल मिश्रा का इकलौता पुत्र था। वह अपनी मां विभा मिश्रा के साथ 28 अप्रैल को ननिहाल रघईपुर गांव में मौसी काजल की शादी में शामिल होने आया था। परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह खुशी कुछ ही दिनों में मातम में बदल जाएगी। शुक्रवार की दोपहर अनिकेत अपने मौसेरे भाई अनमोल मिश्रा और अन्य बच्चों के साथ भरोखन गांव स्थित तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े और करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। तत्काल 108 एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी ले जाया गया, जहां डॉक्टर नीरज सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां विभा मिश्रा का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस बेटे को लेकर वह शादी की खुशियों में शामिल होने आई थीं, वही अब उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा दुख बन गया। सीएचसी परिसर में परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया।इस हृदय विदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। गांव में हर आंख नम है और हर कोई इस असमय हुई मौत से स्तब्ध है।

# पेयजल की सुविधा के लिए नगर पंचायत ने प्रमुख स्थलों पर रखवाए मिट्टी के घड़े



**प्रतापगढ़।** धूप, गर्मी में नगर पंचायत गड़वारा बाजार से गुजरने वाले राहगीरों को पेयजल की असुविधा न हो इसके लिए नगर पंचायत के प्रमुख चैराहों पर शुद्ध और ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए एक दर्जन स्थलों पर मिट्टी के घड़े रखवाए गए हैं। जिससे उधर से गुजरने वाले राहगीर अपनी प्यास बुझा सके। अधिशाषी अधिकारी अभय रंजन ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए लगभग एक दर्जन प्रमुख स्थलों पर स्टैंड पर मिट्टी के घड़े रखवाए गए हैं। इससे लोगों को गर्मी के दिनों में काफी सहूलियत मिलेगी। उधर से गुजरने वाले स्कूली बच्चों समेत राहगीर अपनी प्यास बुझा सकेंगे। प्रतिदिन घड़ों के साफ पानी डाला जाएगा।

# रास्ते में रोककर महिला से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**पट्टी।** नेवादा गांव में एक महिला को रास्ते में रोककर दबंगों द्वारा अभद्रता और मारपीट करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने स्थानीय थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।नेवादा गांव निवासी समीरुल निशा पत्नी लाल मोहम्मद शुक्रवार सुबह अपने किसी निजी कार्य से घर से निकली थीं। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया। रास्ता रोककर और उनके साथ गंदी-गंदी गालियां देते हुए बदसलूकी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट की और शोर मचाने पर आस-पास के ग्रामीणों को जुटता देख जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता की शिकायती पत्र प्राप्त हो गया है मामले कार्रवाई की जा रही है।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर के जरिए उपभोक्ताओं की जेब पर डांका डाल रही सरकार : मोना

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को जबरन लगाए जाने के पावर कारपोरेशन की कार्रवाई को मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा डांका करार दिया है। उन्होने सवाल उठाया कि जब मीटर बदलने की अंतिम तिथि इक्तीस मार्च 2028 तक बढ़ा दी गयी है तो फिर पावर कारपोरेशन के द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर हड़बड़ाहट और जल्दबाजी क्यों है। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश में करीब पचहत्तर लाख उपभोक्ताओं खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब तथा कमजोर तबके के घरों में जबरिया स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंची विधायक मोना ने लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर प्रेसवार्ता में सरकार से दो टूक कहा कि वह स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर बेतहाशा और अनियमित विद्युत बिलों पर फौरन रोक लगाए। उन्होने यह भी कहा कि सरकार की ओर से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर गांव गांव उपभोक्ताओं को परेशान किये जाने की प्रक्रिया पर विराम नही लगा तो कांग्रेस सड़क से सदन तक इस मुददे पर जारी संघर्ष को और मुखर बनाएगी। उन्होने यह भी कहा कि इसके बावजूद सरकारी रवैया नहीं बदला तब 2027 में भाजपा सरकार के सत्ता से हटते ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर की व्यवस्था को समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार बिजली विभाग को बेंचने के लिए यह व्यवस्था लेकर आयी है। प्रेसवार्ता में सीएलपी नेता आराधना मिश्रा ने हाल ही में गंगा एक्सप्रेसवे की शुरूआत को लेकर इसे विकास तथा आध्यात्मिक क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि कहा। उन्होने कहा कि सांसद प्रमोद तिवारी के प्रयास से गंगा एक्सप्रेसवे को बाबा घुइसरनाथ नगरी व गंगा मईया के संगम का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होने सराय संग्राम सिंह में निकास एवं प्रवेश की एक्सप्रेसवे पर मिली सुविधा को बाबा घुइसरनाथ नगरी के पर्यटन विकास तथा क्षेत्र में औद्योगिक विकास के ढांचे के लिए दूरगामी उपलब्धि भी करार दिया। उन्होने कहा कि सांगीपुर से बाबा घुइसरनाथ धाम, लालगंज होते हुए संग्रामगढ़ स्टेट हाइवे के चैड़ीकरण की शुरूआत भी एक्सप्रेसवे के जरिए बाबा घुइसरनाथ धाम और मां गंगा के आध्यात्मिक जुड़ाव का सुखद संकेत है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने एक्सप्रेसवे पर सराय संग्राम सिंह के अण्डरपास पर मिली सुविधा के लिए केन्द्रीय भूतल परिवहन एवं सड़क राज मंत्री नितिन गडकरी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति उनके प्रस्ताव की मंजूरी को लेकर आभार भी जताया। वहीं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता मोना ने खाद्य तेल की कीमतों में तेजी से हो रही बढ़ोत्तरी को मंहगाई बढ़ने के लिए चिन्ताजनक ठहराया। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पर भाजपा को चुनावी राजनैतिक सिगूफे की जगह इसे प्रभावी बनाने के लिए असल पहल करनी चाहिए। उन्होने कहा कि कांग्रेस के सदन और सदन के बाहर भरपूर समर्थन के बावजूद भाजपा विधेयक को लेकर भ्रम का माहौल बनाने में कतई सफल नही हो सकती। इसके पहले विधायक आराधना मिश्रा ने कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं से संवाद कर संगठन सृजन अभियान में तेजी पर जोर दिया। यहां जनसमस्याओं की भी सुनवाई करते हुए उन्होने लोगों को समाधान कराए जाने का भरोसा दिलाया। विधायक मोना ने पूरे हृदय, पूरे शंकर, बहादुरपुर, चकिया, हरिहरपुर व भरतपुर में भी लोगों से मुलाकात कर संचालित विकास योजनाओं में सहयोग मांगा। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, अमित सिंह पंकज, संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, भुवनेश्वर शुक्ल, लालजी यादव, रघुनाथ सरोज, रवीन्द्र मिश्र, मिथिलेश त्रिपाठी, भोला मोदनवाल, देवेश शुक्ला, विनोद कुमार सिंह, बृजेश पटेल, रमेश सिंह, पप्पू तिवारी, सुनील त्रिपाठी, दारा सिंह, आशीष तिवारी, राकेश चतुवेर्दी, मुरलीधर तिवारी, छोटेलाल सरोज, आशीष कौशल, अतुल शुक्ला, अभिनव शुक्ल, त्रिभु तिवारी, सिंटू मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, सुधाकर पाण्डेय, आनन्द पाण्डेय, रूपनाथ पटेल, लालजी पटेल, रोहित शुक्ल, कल्लू पाण्डेय, माता शुक्ला, जितेन्द्र द्विवेदी, शैलेन्द्र मिश्र आदि रहे।

# जनगणना हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** संत एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में जनगणना 2026-27 हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर की तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ। कुल 165 प्रगणक एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ध्एसडीएम सदर अनुष्का शर्मा ने प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी लोग पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करे जिससे आपको जनगणना करते समय किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े आपके मन में जो भी शंकाएं हो उसका समाधान प्रशिक्षण कक्ष में अवश्य कर ले सभी लोग लो एच. एल.ओ.ऐप यहीं पर डाउनलोड करके अभ्यास कर ले। मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। परिवार कितने प्रकार के होते हैं इसके बारे में जानकारी दी गई, भवन परिसर किसे कहते हैं आवासीय गैर आवासीय मकान के बारे में जानकारी दी गई, नजरी नक्शा कैसे बनाएंगे इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर इ.ओ. नगर पालिका राकेश कुमार ,खंड शिक्षा अधिकारी नगर संतोष वर्मा, सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा, शशांक कुमार उमरवैश्य ,संदीप कुमार यादव मौजूद रहे।

# दरोगा का कथित अभद्र टिप्पणी का वीडियो वायरल, जांच के आदेश

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में एक दरोगा का कथित आपत्तिजनक व्यवहार अब सुर्खियों में है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने जांच के आदेश दिए हैं, जबकि जांच की जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी पट्टी को सौंपी गई है। आसपुर देवसरा निवासी दुर्गा प्रसाद गुप्ता का आरोप है कि वह बाजार स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गए थे। इसी दौरान वहां पहुंचे एक दरोगा ने उनके पहनावे पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। पीड़ित का कहना है कि बातचीत के दौरान धार्मिक विषयों पर भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और बाद में उन्हें ह्लदेख लेनेह्व की धमकी दी गई। घटना का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, लोगों में आक्रोश फैल गया। कई लोगों ने पुलिस के आचरण पर सवाल उठाते हुए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष राकेश चैरसिया ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सवालों के घेरे में पुलिस की कार्यशैली घटना ने एक बार फिर पुलिस की छवि और व्यवहार पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि जांच के बाद जिम्मेदार दरोगा पर क्या कार्रवाई होती है।

# आस्था और भक्ति भगवान की कृपा प्राप्त करने का है साधन : आचार्य धीरेन्द्र

## हिरऊ का पुरवा में कथा संकीर्तन में भावविभोर हुए श्रद्धालु



**लालगंज।** हिरऊ का पुरवा बेलहा में श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को हरे राधे हरे रामा संकीर्तन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास छोटी काशी राजातारा से पधारे आचार्य धीरेंद्रपाल कृष्ण त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार की कथा से जुड़े प्रसंग की भावपूर्ण व्याख्या से श्रोताओं को भगवान की महिमा सुनाई। कथाव्यास ने कहा कि दृढ़ भक्ति, धैर्य और समर्पण भक्त को भगवान का प्रिय बना देती है। उन्होने कहा कि भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति, विपरीत परिस्थितियों में भी उसकी भगवान के प्रति अडिग श्रद्धा ने उसे भगवान का प्रिय बना दिया। भक्त व भगवान के बीच के रिश्ते को समझाते हुए धीरेन्द्रपाल कृष्ण जी ने कहा कि अगर हम दृढ़ इच्छा व सच्चे मन से भगवान की भक्ति करेंगे तो हर परिस्थिति में भगवान हमारी सहायता करेंगे। कथाव्यास ने भगवान के वामन अवतार के साथ ही समुद्र मंथन की सारगर्भित कथा सुनाई। आयोजक राम दुलारे यादव व लक्खू देवी ने व्यासपीठ का पूजन किया। संयोजक कमलेश यादव व मिथलेश एवं विपिन यादव ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर केशवदत्त पांडेय, विजय यादव, पप्पू तिवारी, अतुल शुक्ल, आचार्य पवन द्विवेदी, आचार्य बालमुकुंद, श्याम नारायण तिवारी, राजाराम यादव, रामदेव यादव आदि मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमवीर गौरव समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले के कलेक्ट्रेट स्थिति उदयन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं से सम्बन्धित श्रमवीर गौरव समारोह 2026 का सजीव प्रसारण प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा श्रमिकों के हितार्थ श्रम विभाग एवं उत्तर प्रदेश,भवन एवं अन्य सन्निर्माण कमर्कार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में

## सीडीओ विनोद राम त्रिपाठी ने अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला




विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही उपस्थित निर्माण श्रमिकों से योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु पंजीकरण कराने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम में सीडीओ विनोद राम त्रिपाठी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हेतु शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा निर्माण श्रमिकों के पंजीयन के लिए उपस्थित निर्माण श्रमिकों से आ?ह्वान किया कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत लगभग रु.308000/- धनराशि के स्वीकृत पत्र 10 निर्माण श्रमिको को वितरित किये गये।इसके अतिरिक्त श्रमिकों के निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हेतु भरवारी में कैम्प का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सीडीओ विनोद राम त्रिपाठी,तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव प्रिया सिंह ,महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र,अशोक कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी,नेहा यादव एवं कृष्ण कपूर, नीलेश कुमार, अख्तर अहमद खान, पी०एल०वी०,श्रम विभाग के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## कौशाम्बी पुलिस ने फरार 07 वारंटी को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

### एसपी सत्य नारायण प्रजापत की सख्ती का असर

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान को पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण के सख्त निर्देशन में लगातार तेज किया जा रहा है। इसी क्रम में कौशाम्बी पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 07 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। बताया गया कि थाना सराय अकिल पुलिस टीम ने प्रभावी दबिश देकर 06 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जबकि थाना करारी पुलिस टीम ने एक अन्य मामले में 01 वारंटी आरोपी को पकड़कर विधिक कार्रवाई की। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूती मिली थाना सराय अकिल से गिरफ्तार 06 वारंटी अभियुक्त में विजय पुत्र संगमलाल,निवासी इमलीगांव, वा चौधरी पुत्र सम्मारीलाल,निवासी जलालपुर जवाहरगंज वा बसंतलाल पुत्र स्व0 रामलाल, निवासी तिल्हापुर वा प्रदीप केसरवानी पुत्र ननकू लाल,निवासी मौलवीगंज वा अजीज उल्ला उर्फ जुल्ला पुत्र रईस,निवासी मौलवीगंज कस्बा वा हुलेश पासी पुत्र मैकूलाल निवासी मौलवीगंज कस्बा शामिल है थाना करारी से गिरफ्तार 01 वारंटी चांद बाबू पुत्र मैकन निवासी बड़ा पंचम्भा मजरा पण्डीरी को गिरफ्तार किया गया है पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी वारंटियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज थे तथा न्यायालय द्वारा उनके विरुद्ध वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण प्रजापत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है,फरार अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी लल्ली महाराज की पहल से जल्द पूर्ण होगा फोरलेन सड़क का निर्माण



प्रयागराज एयरपोर्ट से बौद्ध सर्किट कौशाम्बी तक बन रही फोरलेन सड़क पर सीएम सख्त

**कौशांबी।** प्रयागराज एवं कौशांबी के लाखों लोगों के लिए राहत भरी खबर है।प्रयागराज एयरपोर्ट से कौशांबी बौद्ध सर्किट तक बन रही बहुप्रतीक्षित फोरलेन सड़क अब तेजी पकड़ने जा रही है। लंबे समय से धीमी रफ्तार से चल रहे इस प्रोजेक्ट को गति दिलाने के लिए चित्रकूट-मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी उर्फ लल्ली महाराज ने निर्णायक पहल की। विधायक ने सीधे प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर निर्माण कार्य में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने साफ कहा कि सड़क अधूरी होने से रोजाना हजारों राहगीर जाम,धूल और खराब रास्तों की परेशानी झेल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश देने और कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने का भरोसा दिया है। इसके बाद अब निर्माण एजेंसियों पर दबाव बढ़ गया है और काम में तेजी आने की उम्मीद है। प्रयागराज एयरपोर्ट से कौशांबी तक सफर तेज और सुगम होगा बौद्ध सर्किट को नया जीवन मिलेगा पर्यटन को बड़ा फायदा होगा व्यापार,रोजगार और स्थानीय विकास को रफ्तार मिलेगी चित्रकूट-मऊ मानिकपुर जैसे दूसरे जनपद से होने के बावजूद विधायक लल्ली महाराज ने कौशांबी की जनता की समस्या को गंभीरता से उठाया। उनका यह कदम बताता है कि जनप्रतिनिधि अगर चाहें तो सीमाएं मायने नहीं रखतीं। क्षेत्र में उनकी इस सक्रियता की खूब सराहना हो रही है।

# तालाब में डूबने से अधेड़ व्यक्ति की मौत



अखंड भारत संदेश

**हररायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पट्टी परवेजाबाद मजरा अस्तुल्लागंज गांव निवासी देशराज उम्र करीब 48 वर्ष पुत्र रामबली की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार देशराज साइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में स्थित तालाब के पास अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह तालाब में जा गिरे जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई घटना के काफी देर बाद जब उनका शव पानी की सतह पर ऊपर आया तब ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही संदीपन घाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं इस दुखद घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## ट्रेन से दो टुकड़ों में कटा युवक पुलिस शिनाख्त में जुटी

### अचानक से आया युवक और रेलवे लाइन पर लेट गया



**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक से युवक आया और रेलवे लाइन पर लेट गया,ट्रेन आई और ट्रेन से कटकर युवक दो टुकड़ों में बंट गया,घटना की सूचना पर पहुंची रेलवे और सैनी कोतवाली पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी हुई है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रेलवे स्टेशन के पास लगभग 30 वर्षीय युवक अचानक से आया और रेलवे लाइन पर लेट गया,ट्रेन गुजरी और युवक दो हिस्सों में बंट गया।युवक के आत्महत्या करने की सूचना पर रेलवे की जीआरपी वा सिराथू पुलिस चौकी की पुलिस मौके और पहुंची और शव को कब्जे में लेकर रेलवे लाइन से हटाकर शिनाख्त में जुटी है।

## गेस्ट हाउस से बाइक चोरी कर रहे युवक को भीड़ ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**कौशांबी।** मंझनपुर कस्बा स्थित कन्हा प्रिया गेस्ट हाउस में गुरुवार की रात्रि में शादी कार्यक्रम के दौरान गेस्ट हाउस के बाहर मेहमानों की खड़ी बाइक को लेकर बाइक चोर जाने लगा जिस पर लोगों की नजर पड़ गई और बाइक चोरी कर ले जा रहे युवक को दौड़ा कर भीड़ ने बाइक के साथ पकड़ लिया मौके से चोरी की बाइक बरामद हुई शादी कार्यक्रम में शामिल लोगों ने मामले की जानकारी मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी जानकारी मिलने के बाद आधी रात को मंझनपुर कोतवाली पुलिस गेस्ट हाउस पहुंची बाइक के साथ पकड़े गए युवक को मंझनपुर कोतवाली पुलिस के हवाले भीड़ ने कर दिया और चोरी की बाइक के साथ युवक को लाकर कोतवाली पुलिस ने उसको अपने हिरासत में ले लिया चोरी करने वाला युवक मंझनपुर मुख्यालय के नया नगर का रहने वाला बताया जाता है बाइक चोरी करते हुए युवक का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

# 224 पुलिस कर्मियों का एसपी ने किया स्थानांतरण

### पुलिस अधीक्षक की सख्ती का असर विभाग में दिखाई पड़ने लगा है




अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पुलिस विभाग में व्यापक सुधार करने और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर तबादला किया है पुलिस विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली करारी थाना पश्चिम शरीरा थाना सैनी कोतवाली मोहब्बत पुर पॉइंसा थाना कड़ा धाम थाना कोखराज थाना पिपरी थाना सराय अकिल थाना चरवा संदीपन घाट थाना महेवा घाट थाना कौशांबी थाना और महिला थाना में तैनात महिला आरक्षी मुख्य आरक्षी और आरक्षियों के 224 लोगों का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया है स्थानांतरण लिस्ट जारी करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थानों में 3 वर्ष से अधिक समय से तैनात पुलिस कर्मियों का नाम यदि स्थानांतरण सूची में छूट गया है तो थानेदार उस पुलिसकर्मी के नाम से अवगत कराए इतना ही नहीं उसी थाने में दोबारा तैनाती पाने वाले सिपाहियों के नाम की भी जानकारी पुलिस अधीक्षक ने थानेदारों से मांग ली है जिससे पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है मठाधीश की तरह लंबे समय से नौकरी करने वाले पुलिस कर्मियों के चेहरे पर पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की लिस्ट जारी होने के बाद मायूसी देखी जा रही है पुलिस अधीक्षक की सख्ती का असर विभाग में दिखाई पड़ने लगा है।

### थानेदार लाइन हाजिर चौकी इंचार्ज निलंबित

**महेवा घाट कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने पश्चिम शरीरा थानेदार हरीश तिवारी को लापरवाही पर तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है वायरलेस सेट से पुलिस अधीक्षक का आदेश प्रसारित हुआ है तत्काल आदेश पालन करने का निर्देश दिया गया है वही महेवा घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी हिनौता इंचार्ज को भी पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है इन पर भी बड़ी लापरवाही का आरोप था घटनाओं के खुलासे में लापरवाही और अवैध वसूली का आरोप इन पुलिस कर्मियों पर बार-बार लग रहा था हालांकि अभी भी कुछ थानेदार और पुलिस चौकी इंचार्ज इस तरह के हैं जो मनमानी पर उतारु है उन्हें पुलिस अधिकारियों के आदेश का पालन करने की परवाह नहीं होती है जिससे कानून व्यवस्था चौपट है और जनता न्याय के लिए परेशान है।

# हिरण घायल कैसे हुआ इस पर खड़े हैं सवाल !

अखंड भारत संदेश

भीषण गमी में पानी की तलाश में भटका हिरन घायल हालत में मिला



**महेवाघाट कौशाम्बी।** भीषण गमी के बीच पानी की तलाश में भटककर एक हिरन इंसानी आबादी तक पहुंच गया। शुक्रवार को सरसंवा स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के पास यह संरक्षित वन्य जीव घायल अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों की मदद से एक लोडर चालक ने अस्पताल मंझनपुर पहुंचाया हिरण घायल कैसे हो गया है इस पर लोगों के बीच तमाम चर्चाएं हैं और तमाम सवाल खड़े हैं सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हिरन को अपने कब्जे में लेकर उसका उपचार शुरू कराया। बताया जा रहा है कि हिरन काफी कमजोर और डरा हुआ था। लोगों की भीड़ जुटने लगी,लेकिन वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हिरन को पूरी तरह स्वस्थ होने तक निगरानी में रखा जाएगा।वन अधिकारियों ने बताया कि इन दिनों पड़ रही भीषण गमी के कारण जंगलों में जलस्त्रोत सूखते जा रहे हैं। ऐसे में वन्य जीव पानी और भोजन की तलाश में आबादी वाले क्षेत्रों की ओर भटक जाते हैं। आशंका जताई जा रही है कि यह हिरन चित्रकूट के जंगलों से भटकते हुए यमुना किनारे पहुंचा और रास्ता भटककर सरसंवा क्षेत्र में आ गया।उन्होंने बताया कि हिरन संरक्षित प्रजाति का वन्य जीव है,जिसे रखना या नुकसान पहुंचाना दंडनीय अपराध है। विभाग की ओर से हिरन का समुचित उपचार कराया जा रहा है। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे समिति की देखरेख में सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाएगा।इस घटना ने एक बार फिर बढ़ती गमी और जंगलों में घटते जलस्त्रोतों की समस्या को उजागर कर दिया है,जिससे वन्य जीवों का जीवन संकट में पड़ता जा रहा है।

# अधिकारियों की गोद में खेल रहे हैं सरकारी जमीन कब्जा करने वाले भूमाफिया

### सरकारी जमीन से अवैध कब्जे को हटाने के लिए केवल ड्रामेंबाजी में शामिल रह गए जिम्मेदार अधिकारी

अखंड भारत संदेश







**कौशांबी।**संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज मंझनपुर के बाहर सड़क की पटरी की जमीन पर कब्जा कर लगातार पक्की दुकानें बन रही है सड़क की पटरी को भी भू माफियाओ ने जागीर बना लिया है सड़क की पटरी के बाद जिला अस्पताल की चहारदीवारी के बीच किसी भी व्यक्ति की भूमिधरी जमीन सरकारी अभिलेखों में दर्ज नहीं है उसके बाद भी देखते-देखते 50 दुकानों का पक्का निर्माण सड़क की पटरी पर हो गया है जिससे सरकारी जमीन सुरक्षित नहीं रह गई है सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे को हटाने का योगी सरकार का निर्देश हवा हवाई साबित हो रहा है योगी सरकार कह रही हैं कि भूमाफियाओं की खैर नहीं होगी लेकिन अधिकारियों के गोद में भूमाफिया खेल रहे हैं सरकारी जमीनों में भूमाफियाओं द्वारा पूर्व में किए गए अवैध कब्जे को खाली करने की बात तो बहुत दूर रह गई वतर्मान में भी सरकारी जमीनों पर खुलेआम कब्जे हो रहे हैं और सरकारी जमीन से अवैध कब्जे को हटाने के लिए केवल ड्रामें बाजी तक जिम्मेदार अधिकारी शामिल रह गए हैं एक तरफ योगी सरकार कह रही है कि सरकारी जमीनों से तत्काल प्रभाव से अवैध कब्जे हटाए जाएं सीएम योगी ने प्रशासन को निर्देश दिया है योगी सरकार का कहना है कि यूपी में अब भूमाफियाओं की खैर नहीं है लेकिन उसके बाद भी मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल मंझनपुर के बाहर सड़क की पटरी पर कब्जा करके दुकान बनाए जा रहे हैं देखते देखते जिला अस्पताल के बाहर लगभग 50 पक्की दुकानें बन गई हैं जिला अस्पताल के बाहर सड़क की पटरी पर दुकान बनाए जाने के मामले में ना तो जिला अस्पताल के प्रधानाचार्य ने अवैध कब्जे को रोका है ना ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने जिला अस्पताल के बाहर बनाई जा रही अवैध दुकान के निर्माण को रोका है इतना ही नहीं गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत प्रतिदिन अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर सरकारी जमीन माफियाओ के कब्जे से खाली कराई जा रही है लेकिन जिला अस्पताल के बाहर सड़क की पटरी पर लगातार बनाई जा रही दुकानों पर कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे गांव की समस्या गांव में समाधान बकवास साबित हो रहा है इतना ही नहीं सड़क की पटरी पर कब्जा करने के मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने भी रोक नहीं लगाई है सड़क के किनारे पटरी पर कब्जा कर लगातार दुकानें बनाए जाने से अब आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है तेज गति से वाहनों के निकलने के बाद पैदल साइकिल और बाइक वालों को पटरी पर उतरने का मौका नहीं मिलता और दुर्घटनाएं हो जाती है पटरी कब्जा हो जाने के बाद दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही है एक तरफ सड़क की पटरी पर ठेले गोमती लगाकर परिवार का पेट पालने वाले लोगों के ठेले गोमती की दुकानों को हटाकर अतिक्रमण हटाने की बात अधिकारी कर रहे हैं दूसरी तरफ मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल के बाहर सड़क की पटरी पर लगातार अवैध दुकानें बनाए जाने के मामले में अवैध निर्माण को हटाने के नाम पर इन दुकानों पर अभी तक बुलडोजर चलाकर ध्वस्त नहीं किया गया है जिससे तहसील के अधिकारियों की मंशा पर भी सवाल खड़े हैं सवाल उठता है कि जिला अस्पताल के बाहर सड़क की पटरी पर लगातार दुकान बनाने वाले भू माफियाओं को किसका संरक्षण मिला है यह बड़ी जांच का विषय है योगी सरकार का कहना कि सरकारी जमीन तालाब से तत्काल अवैध कब्जे हटाए जाएं सीएम योगी ने सरकारी जमीन से तत्काल प्रभाव से कब्जा हटवाने का प्रशासन को निर्देश भी दिया लेकिन उसके बाद सरकारी जमीन से कब्जा हटाने की बात तो दूर रही बल्कि सरकारी जमीनों पर लगातार कब्जे हो रहे हैं योगी सरकार ने कहा कि भूमाफियाओं की अब खैर नहीं है लेकिन यहां तो भूमाफिया अधिकारियों की गोद में खेल रहे हैं जिससे सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाए जाने के मामले पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### चायल सीओ ने मूरतगंज बाजार में पुलिस बल के साथ किया पैदल गस्त, सीओ ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान दुकानदारो को दी हिदायत



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज बाजार में गुरुवार की शाम को चायल सीओ अभिषेक सिंह ने मूरतगंज बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया है सड़क और पटरी पर की तमाम दुकानों को उन्होंने हटवा करके आवागमन सुचारू किया है दुकानदारो को दी कड़ी हिदायत दी है संदिग्ध वाहनों की चेकिंग भी किया और वाहन का चालान करते हुए उन्होंने लोगो को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि यातायात के नियमों का उल्लंघन न करे और हेलमेट जरूर पहने नए सिपाहियों को चायल क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने पुलिसिंग व्यवस्था व लोगों में व्यवहार के बारे में जानकारी दी इस मौके पर संदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्रदेव और महंगाव चौकी प्रभारी अजीत कुमार सिंह वा मूरतगंज चौकी प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### लेनदेन के विवाद में युवक पर लाठी डंडे से हमला



**हररायपुर कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के मेडुवा पर के एक स्कूल के पास शुक्रवार की शाम 5:00 बजे लेनदेन के विवाद में एक युवक को लाठी डंडे से बेरहमी से मारा पीटा गया है जिससे युवक को गंभीर चोटें आई हैं युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है। जानकारी के अनुसार चरवा थाना क्षेत्र के फरीदपुर सलेम गांव निवासी सोनू पासी पुत्र दशरथ लाल अपनी पत्नी हीरामती के साथ शुक्रवार की शाम 5:00 बजे दवा लेना पूरा मुफ्ती जा रहे थे जैसे ही दंपत्ति बीएल इंटर कॉलेज मेडुवा के पास पहुंचे देशराज यादव और उनके बेटे सौरभ कुमार शुभम ने गाली गलौज करते हुए सोनू को रोक लिया और लाठी डंडे से सोनू पर हमला कर दिया जिससे सोनू को गंभीर चोटे आई है बताया जाता है कि देशराज यादव ने 6 महीने पहले सोनू पासी से 100000 उधार ले रखा था इसी लेनदेन के विवाद में मारपीट हुई है आरोप है कि इसके पहले कई बार अपना पैसा मांगने सोनू गया था जहां सोनू के साथ मारपीट की कोशिश की गई है घायल सोनू पासी का आरोप है कि हमले के दौरान बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी को भी गाली गलौज करते हुए मारा पीटा गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### मूरतगंज चौकी क्षेत्र में सड़क हादसा बाल-बाल बचे लोग



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना के मूरतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बालिहांवा मोड़ के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को पिकअप और बस के बीच टक्कर हो गई। हादसा इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और सभी लोग बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद दोनों वाहनों में हल्का नुकसान हुआ लेकिन समय रहते हालात संभल गए सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा जिसे बाद में सुचारू रूप से चालू कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त को 03 वर्ष 08 माह के कारावास एवं 5000/- रुपये अर्थदण्ड की सजा

**कौशांबी।** मोहब्बतपुर पइंसा थाना पर दिनांक 03.08.2022 को गैंगेस्टर एक्ट का मु0अ0सं0 107/22 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट नन्हा यादव पुत्र श्याम लाल निवासी महन्दापुर थाना मंझनपुर के विरुद्ध पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित अभियुक्त नन्हा यादव पुत्र श्याम लाल निवासी महन्दापुर थाना मंझनपुर को दिनांक 01.05.2026 को न्यायालय एएसजे-5/स्पे0 जज गैंगेस्टर कोर्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 03 वर्ष 08 माह के कारावास व 5000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### हनुमान जी की मूर्ति खंडित करने वाले अभियुक्त को कौशाम्बी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** जिले के थाना कौशाम्बी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गुरौली में बालूसीमेंट से निर्मित हनुमान जी की मूर्ति लगी हुई थी, जिसको आज रात करीब 2 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मूर्ति के हाथ को खंडित कर दिया गया है । सूचना पर पुलिस मौके पर पर पहुचकर आस-पास के लोगों से पूछताछ करने एवं सीसीटीवी के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त लालचंद सरोज पुत्र सटकू निवासी ग्राम बेरोंचा थाना व जनपद कौशाम्बी के द्वारा मूर्ति को खंडित किया गया हैं,जिसे हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है खंडित मूर्ति को सही कराया जा रहा है मौके पर शांति व्यवस्था कायम हैं।

### साली को भगाकर ले जाने वाले अभियुक्त जीजा को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** साली के प्रेम में पागल जीजा साली को भगा ले गया था लेकिन अब उसे जेल की हवा खानी पड़ी है युवक की सास ने ही अपने दामाद के खिलाफ कोतवाली पुलिस को सूचना देकर मुकदमा दर्ज कराया है मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र से दिनांक 25.03.2026 को एक नाबालिक बालिका को उसका जीजा भगा ले गया था बालिका की मां की तहरीर पर मंझनपुर कोतवाली पर मु0अ0सं0 117/26 धारा 137(2)/87 बीएनएस अतुल कुमार के विरुद्ध पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 01.05.2026 को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त अतुल कुमार पुत्र राम भजन निवासी हरदवा थाना धाता जनपद फतेहपुर को ससुर खदेरी नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया है । विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

### वारण्टी अभियुक्त को मंझनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा केश नं0 586/25 धारा 3(2)5/3(2)5ए/3(1)एस एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी छत्तूपुर चकनारा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाले वांछित अभियुक्त को करारी पुलिस ने किया गिरफ़्तार

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र से 25.04.2026 को एक नाबालिग बालिका को आरोपी शनि बहला फुसलाकर भगा ले गया काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं हो सकी।प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना करारी पर मु0अ0सं0 98/26 धारा 137(2)/87 बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 01.05.2026 को थाना करारी पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त शनि कुमार पुत्र रामसरन निवासी छोटा पचम्भा थाना करारी को प्राथमिक विद्यालय छोटा पचम्भा के पास से गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## सम्पादकीय

# चुनावी हिंसा रोकने में नाकाम आयोग

**प. बंगाल** चुनाव के दूसरे और आखिरी दौर के मतदान से पहले भाजपा और चुनाव आयोग पर नए सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल दूसरे चरण से पहले चुनाव आयोग ने उत्तरप्रदेश के आईपीएस अधिकारी और काउंटर स्पेशलिस्ट माने जाने वाले अजय पाल शर्मा को दक्षिण 24 परगना जिले का नया पुलिस निरीक्षक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के फौरन बाद अजय पाल शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में वे फाल्टा क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार जहांगीर के घर के पास खड़े हुए हैं और कहते हैं 'जहांगीर के घर वाले खड़े हैं, उसको बता देना कि कायदे से रहे... यह बार-बार जो खबर आ रही है कि जहांगीर के लोग धमका रहे हैं, तो फिर अच्छे से खबर लेंगे, फिर बाद में रोना और पछताना मत...।'

अजय पाल शर्मा की इस भाषा और धमकी पर तो सवाल उठ ही रहे हैं, कुछ पूर्व पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चुनाव निरीक्षक का काम चुनाव आयोग की आंख और कान की तरह काम करना है, लेकिन उसमें मुंह बंद रखना होता है। यानी ऐसे सरेआम किसी का नाम लेकर धमकाना सही नहीं है। अजय पाल शर्मा की नियुक्ति पर एक तरफ टीएमसी ने सवाल उठाए, तो वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें संभल और रामपुर में भाजपा का परखा हुआ एजेंट कहकर बता दिया है कि इस नियुक्ति के पीछे राजनैतिक दबाव काम कर रहा है। अगर ऐसा नहीं है तो चुनाव आयोग को इस पर फौरन सफाई देनी चाहिए। क्योंकि लगातार प.बंगाल में आयोग की कामकाज की शैली पर सवाल उठ रहे हैं। जैसे चुनाव आयोग ने सोमवार, 27 अप्रैल को ही 'उपद्रवियों' की एक नई सूची जारी की थी, जिसमें दूसरे दौर की 142 विधानसभा सीटों में तृणमूल कांग्रेस से जुड़े हजारों लोगों के नाम शामिल हैं। इन सभी सीटों पर बुधवार को मतदान होना है। चुनाव आयोग द्वारा जारी इस सूची को एहतियाती कार्रवाई या हिरासत में लेने के अनुरोध के साथ जारी किया गया है। इसी तरह इस बार के चुनाव को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए चुनाव आयोग ने केन्द्रीय बलों की 2400 कंपनियां यानी करीब 2.4 लाख जवानों को तैनात किया है, जबकि लोकसभा चुनाव के लिए सभी 543 सीटों पर 3400 कंपनियां तैनात की गईं थी। इसके बावजूद राज्य में हिंसा की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। सोमवार को टीएमसी की महिला और अनुसूचित जाति से आने वाली सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। पत्थर बरसा कर उनकी कांच के शीशे तोड़े गए, जिसमें वो और उनका ड्राइवर दोनों घायल हुए हैं। टीएमसी का आरोप है कि हमला भाजपा के लोगों ने करवाया। एक पोस्ट में टीएमसी ने लिखा भी कि अमित शाह ने कहा था कि टीएमसी के लोगों को उल्टा लटका देंगे और अब ये हमला हुआ है। टीएमसी का ये भी आरोप है कि सुरक्षा के नाम पर तैनात जवान और पुलिस निरीक्षक आधी रात को छापे मार रहे हैं, रात के सन्नाटे में आम नागरिकों और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं के घरों में जबरदस्ती घुस रहे हैं; वे परिवारों को आतंकित कर रहे हैं, मतदाताओं को डरा-धमका रहे हैं।

# केजरीवाल की विचारहीन राजनीति का यही अंजाम होना था

**अनिल जैन**

**राजनीति** को हिकारत से देखने वाले केजरीवाल इस पार्टी के माध्यम से राजनीति में आए और छा भी गए। तब केजरीवाल, उनके साथियों, प्रशंसकों और मीडिया के भी एक बड़े हिस्से ने आम आदमी पार्टी के उदय को एक 'नई राजनीति' के रूप में पेश किया था। हालांकि आजाद भारत के राजनीतिक इतिहास से और राजनीति को पर्दे के पीछे से संचालित करने वाली ताकतों से परिचित लोग तब भी इस 'नयेपन' की हकीकत से बाखूबी वाकिफ थे।

निहित स्वार्थों से प्रेरित कॉरपोरेट नियंत्रित मीडिया के भरपूर समर्थन से परवान चढ़े एक विचारहीन और अराजक आंदोलन से पैदा हुई आम आदमी पार्टी का यही हश्र होना था, जो अभी हो रहा है। यह सही है कि आम आदमी पार्टी के विभाजन यानी राज्यसभा में उसके 10 में से 7 सांसदों को तोड़कर अपने पाले में लाने के काम को भाजपा ने अपने कु ख्यात 'ऑपेशन लोटस' के जरिये अंजाम दिया है, जिसमें हमेशा की तरह उसने ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग का भी इस्तेमाल किया है। मगर आम आदमी पार्टी की इस स्थिति के लिए मूलतः उसके सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ही जिम्मेदार हैं, जिन्होंने राज्यसभा के लिए अपने जैसे ही विचारहीन और सिद्धांतहीन लोगों का चयन किया था। इस सिलसिले में उन पर राज्यसभा के टिकट बेचने और अपने सजातीय लोगों को उपकृत करने के आरोप भी लगे।

दरअसल डेढ़ दशक पहले 2011 में जब तथाकथित गांधीवादी अण्णा हजारे को भ्रष्टाचार के विरोध का 'प्रतीक पुरुष' बना कर दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन किया जा रहा था, तब मीडिया का एक बड़ा हिस्सा उस आंदोलन की तुलना अरब स्प्रिंग और काहिरा (मिस्र) के तहरीर चौक पर हुई क्रांति से कर रहा था। कॉरपोरेट घरानों से पोषित टेलीविजन चैनलों पर उस आंदोलन का 24 घंटे सीधा प्रसारण हो रहा था। अरविंद केजरीवाल उस आंदोलन के मंच से राजनीतिक दलों और नेताओं को चोर, बेईमान और भ्रष्ट करार देते हुए राजनीति से अपनी नफरत का इजहार कर रहे थे। उनके तेवरों को देखते हुए कोई नहीं कह सकता था कि जिस राजनीति को यह व्यक्ति पानी पी-पीकर कोस रहा है, कुछ ही महीनों बाद यही व्यक्ति उसी राजनीति का एक महत्वपूर्ण किरदार बन जाएगा। टीवी चैनलों में कार्यरत कुछ पत्रकार तो केजरीवाल में 'दूसरा चे ग्वारा' और अण्णा हजारे में 'दूसरा गांधी' तक देखने लगे थे। मगर चंद महीनों बाद ही अण्णा हजारे से अलग होकर केजरीवाल ने अपने साथियों के साथ सक्रिय राजनीति में उतरने का ऐलान कर दिया। आंदोलन की कोख से जन्मी उनकी आम आदमी पार्टी को भ्रष्टाचार के खिलाफ शहरी मध्य वर्ग के गुस्से का प्रतिनिधित्व करती हुई एक विद्रोही पार्टी माना गया, जिसका गर्भधारण सड़कों पर विरोध-प्रदर्शनों से हुआ था। राजनीति को हिकारत से देखने वाले केजरीवाल इस पार्टी के माध्यम से राजनीति में आए और छा भी गए। तब केजरीवाल, उनके साथियों, प्रशंसकों और मीडिया के भी एक बड़े हिस्से ने आम आदमी पार्टी के उदय को एक 'नई राजनीति' के रूप में पेश किया था। हालांकि आजाद भारत के राजनीतिक इतिहास से और राजनीति को पर्दे के पीछे से संचालित करने वाली ताकतों से परिचित लोग तब भी इस 'नयेपन' की हकीकत से बाखूबी वाकिफ थे। अण्णा-केजरीवाल के आंदोलन को काफी कुछ बौद्धिक ऊर्जा उस विवेकानंद फाउंडेशन से मिली थी, जो व्यावहारिक रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा का थिंक टैंक है। उस आंदोलन के लिए सभी जरूरी साधन-संसाधन जुटाने में भी संघ का परोक्ष सहयोग था। आंदोलन के दौरान भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ केजरीवाल और उनके साथियों की बैठकें भी होती थीं। हालांकि आम लोगों के सामने भी इस 'नयेपन की राजनीति' को उजागर होने में ज्यादा वक्त नहीं लगा, जब 2014 आते-आते उस आंदोलन से जुड़े कुछ प्रमुख चेहरे भाजपा से जुड़ते गए और केंद्र में उसकी सरकार बनने पर ऊंचे-ऊंचे पदों को प्राप्त हो गए। अण्णा-केजरीवाल का भ्रष्टाचारविरोधी आंदोलन और आम आदमी पार्टी के उदय की परिघटना इस लिहाज से भी गौरतलब थी कि अंतरराष्ट्रीय फंडिंग एजेंसियों की मदद से फल-फूल रहे गैर सरकारी संगठनों व एनजीओ ने जन-आंदोलनों की धार कुंद करते हुए



आक्रामक तेवर के साथ राजसत्ता तक अपनी पकड़ मजबूत करने की मुहिम तेज कर दी थी। देशी-विदेशी कॉरपोरेट घरानों की हमदर्द इन एजेंसियों के सिपहसालार आम जनता की बदहाली और बेसब्री का फायदा उठाते हुए उसे यह समझाने में जुट गए कि भ्रष्टाचार, गरीबी और महंगाई जैसी दुश्वारियों से निजात पाने के लिए किसी विचार की जरूरत नहीं है। ऐसा समझाने वालों में खुद अरविंद केजरीवाल भी थे।

फिर भी यह सच है कि इतना सब कुछ उजागर होने के बावजूद केजरीवाल दस साल मुख्यमंत्री भी रह लिए। इस दौरान एक विरोधाभासी नारा भी लगा- 'मोदी फॉर पीएम-केजरीवाल फॉर सीएम।' इस नारे के अनुरूप केंद्र में मोदी की सरकार बनी और दिल्ली में केजरीवाल की। यह हैरानी की बात है कि एक ही मतदाता ने एक ही समय में दो अलग-अलग तरह की धाराओं में तैरने वालों को एक साथ कैसे चुन लिया? जाहिर है कि दोनों किरदारों के बीच दिखने वाला फर्क आभासी ही था।

राजनीति को संभावनाओं का खेल माना जाता है तो केजरीवाल संभावनाओं की पैदाइश है । उनके पास अपनी राजनीति का कोई मौलिक विचार नहीं है। उन्होंने अपने को भाजपा से भी बड़ा हिंदुत्ववादी दिखाने के लिए कई हास्यास्पद उपक्रम किए। देश की अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए करेंसी नोटों पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीरें छापने जैसी मूर्खतापूर्ण मांग भी उन्होंने की। अपने को हनुमान भक्त बताया और लोगों को सरकारी खर्च पर अयोध्या सहित तमाम तीर्थस्थलों की यात्राएं भी कराईं। कोरोना महामारी के दौरान भाजपा की तर्ज पर तब्लीगी जमात के जरिए मुसलमानों को बदनाम करने में भी उनकी सरकार ने कोई कोताही नहीं की और दिल्ली में दंगों के दौरान भी उनकी सरकार व पार्टी पीड़ितों के साथ न खड़ी होकर पुलिस के साथ और प्रकारांतर से केंद्र सरकार व भाजपा के साथ खड़ी दिखी। अनुच्छेद 370, राम मंदिर, रोहिंग्या और बांग्लादेशी, नागरिकता कानून जैसे मुद्दों पर भी केजरीवाल भाजपा के साथ रहे। फिर जब उन्हें सुविधाजनक लगा तो वह कांग्रेस के साथ चले गए। दिल्ली में पहली बार सरकार बनाने के लिए उस कांग्रेस से भी समर्थन लेने में उन्हें कोई संकोच नहीं हुआ, जिसकी 15 साल पुरानी सरकार को उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर हराया था। यह सब करना उनके लिए इसलिए आसान था क्योंकि उन पर विचारधारा का कोई बोझ नहीं था। यही वजह रही कि कई मौकों पर उन्होंने महात्मा गांधी की समाधि पर जाकर अपने को बापू के प्रति आस्थावान दिखाया तो मौका आने पर अपनी पार्टी और सरकार के दफ्तरों से गांधीजी की तस्वीरें हटाकर उनकी जगह भगत सिंह और डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की तस्वीरों का इस्तेमाल करने लगे। इस समय भी वे अदालती लड़ाई लड़ते हुए अपने को गांधी मार्ग का अनुगामी बता रहे हैं। केजरीवाल की राजनीति सिर्फ विचारधारा विहीन ही नहीं रही, बल्कि उन्होंने अपनी पार्टी को भी संगठनात्मक शक्ल देने में कोई रूचि नहीं दिखाई। अक्टूबर 2012 में आम आदमी पार्टी का गठन हुआ था और केजरीवाल इसके संयोजक बने थे। तब से लेकर आज तक वे ही इसके संयोजक बने हुए हैं। दिखावे के तौर पर पार्टी में एक राष्ट्रीय सचिव, एक कोषाध्यक्ष और 34 सदस्यीय एक राष्ट्रीय परिषद भी हैं लेकिन व्यावहारिक तौर पर इन सबका कोई मतलब नहीं है। केजरीवाल पार्टी के सुप्रीमो हैं और सारे फैसले वे ही करते हैं। चुनाव कवरेज

तो जहां विचारधारा की अनुपस्थिति हो, कोई विधिवत बना हुआ सांगठनिक ढांचा न हो- स्वाभाविकतः वहां मूल्य पनप नहीं सकते। यही कारण है कि डिजाइनर आंदोलन के अति उत्साह से निकला राजनीतिक दल केजरीवाल का निजी उपक्रम बन कर रह गया जिसमें असहमतियों के लिए कोई जगह नहीं रही। आम आदमी पार्टी कभी भी इस आरोप के साये से बाहर नहीं निकल सकी कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष आनुषंगिक उपकरणों की एक कड़ी मात्र अथवा भाजपा की बी टीम है। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन करने के बाद झाड़ू को अपनी पार्टी का चुनाव चिन्ह बनाते हुए उसका प्रतीकात्मक अर्थ बताया था कि आम आदमी पार्टी इस झाड़ू से देश की राजनीति को साफ करेगी, लेकिन व्यवहार में उन्होंने अपने इस दावे के ठीक उलट काम किया। असुरक्षा और हीनता के बोध से ग्रस्त केजरीवाल ने सबसे पहले इस झाड़ू से पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण, जस्टिस संतोष हेगडे, अधिवक्ता प्रशांत भूषण, समाजवादी चिंतक प्रो. आनंद कुमार, प्रो. अजीत झा, मेधा पाटकर, योगेंद्र यादव, राजमोहन गांधी, पत्रकार आशुतोष, एडमिरल (सेवानिवृत्त) रामदास आदि जैसे उन सभी लोगों को पार्टी से बाहर किया, जो राजनीति को स्वच्छ करने की थोड़ी सी भी इच्छा रखते थे, जो अपनी वैचारिकी और अपने व्यक्तित्व से पार्टी को एक आभा प्रदान कर सकते थे। इन सब लोगों को बाहर करने के बाद उन्होंने इसी झाड़ू से इधर-उधर पड़ा तमाम तरह का कूड़ा-करकट बटोरकर उससे अपनी पार्टी को सजाया। अब सात सांसद के रूप में वही कचरा अपनी थोड़ी सी हैसियत बनाकर हवा में उड़ता हुआ सड़ांध फैला रहे कूड़े के विशाल ढेर (लैंडफिल साइट) पर जा बैठा है।

# गाजीपुर में ग्राम प्रधानों की कार्यशाला: योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण विकास पर जोर

**गाजीपुर । जनपद** के समस्त विकास खंडों के सम्मानित ग्राम प्रधानों की विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में आडिटोरियम हाल में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।





कार्यशाला में फॉर्मर रजिस्ट्रीकरण, गो आश्रय स्थलों के संचालन, विकसित भारत जी राम जी योजना, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण, पंचायत सचिवालयों के संचालन, प्रधानमंत्री आवास योजना, तथा फैमिली आई डी के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों पर विस्तृत चर्चा व दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विस्तृत रूपरेखा तैयार करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपेक्षा की कि वे सभी योजनाओं में पूर्ण मनोयोग, ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ सहयोग करें, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जा सके।

जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में फर्टिलाइजर की कोई कमी नहीं है पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, कुछ लोगों द्वारा इसकी ब्लैक मार्केटिंग किया जाता है यदि कोई भी व्यक्ति ऐसा करते पाया जाता है तो उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होने ग्राम प्रधानों को कहा कि आप भूमि विवाद प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हैं, इसलिए इस रोल का अच्छे से निर्वाह करते हुए रोड के विवाद, आबादी का विवाद एवं गांव के निजी खेतों का विवाद को सम्भ्रांत लोगों के साथ खुली बैठक बुलाकर लेखपाल से पैमाइश कराकर आप इसका निदान कर सकते हैं, उन्होंने अनुरोध किया कि आप अपनी भूमिका को अच्छे से निभाएं। उन्होने गौ-आश्रय स्थल के संबंध में कहा कि निराश्रित पशुओं को गौशाला भेजें एवं जिन गांवों में गौशालाएं हैं उनको प्रॉपर्ली मेंटेन किया जाए बहुत से गोवंश का मूवमेंट दूसरे जनपद या बिहार राज्य की तरफ होता है, उस पर नजर रखें इस तरह की घटना हो रही हो तो आप अपने एसडीएम या संबंधित थाने पर जरूर सूचित करें जिससे कि गौ - हत्या या पशु क्रूरता के मामले में दंडात्मक कार्रवाई हो सके। उन्होने कहा कि जनपद में बहुत से लोग सेना एवं खेल से जुड़े हैं तो इसके लिए हर ग्राम पंचायत में एक अभियान चलाकर खेल का मैदान बनाया जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं स्वयं सहायता समूह बनाने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है इसमें आप एक प्रेरणा का रोल अपना कर महिलाओं को स्वयं सहायता समूह में जोड़ने का कार्य करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना आपका संवैधानिक अधिकार एवं जिम्मेदारी भी है, कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आपस में सामंजस बनाकर रखें प्रशासन आपके साथ है। उन्होने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में आप सहयोग करें जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान लाभान्वित हो सके। उन्होने कहा कि आपका कार्यकाल मई 2026 तक है अगले एक महीने में जो भी विकास कार्य करने हैं, चाहे मनरेगा हो या वित्त आयोग का पैसा हो उसको खर्च करके अधूरे कार्य को पूर्ण करायें अगर कहीं भी समस्या हो रही हो तो आप मुख्य विकास अधिकारी या जिलाधिकारी को अवगत करायें समस्या का समाधान किया जाएगा। राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा बहुत सी योजनाएं चलाई जाती हैं तो इसके लिए श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन करायें जिससे कि उनको योजना का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव में सौहार्दय का वातावरण बनाकर रखें। उन्होने ग्राम प्रधानों से कहा कि ग्रावों में यदि कोई भी समस्या होती है तो पहले ब्लाक स्तर या तहसील स्तर पर समाधान कराये यदि नही होता है तो जिलाधिकारी के सी0यू0जी0 नं0 9454417577 पर व्हाटसएप या काल के माध्यम से अवगत करायें। अंत में जिलाधिकारी ने अच्छे कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को प्रसस्ती प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, प्रभारी सीडीओ/परियोजना निदेशक दीन दयाल वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चन्द्र उपाध्याय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित संबंधित अधिकारी, जनपद के समस्त सम्मानित ग्राम प्रधानगण उपस्थित रहे।

## पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहे इसौली विधायक,दी आर्थिक सहायता

**सुल्तानपुर ।विकासखंड** कुड़वार के अंतर्गत ग्राम पंचायत निर्सीहिया में विगत दिनों अंगनू निषाद की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान को जैसे इसकी जानकारी हुई उनके घर पर पहुंच करके परिवार के लोगों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव को भेज कर ?15000 की छोटी सी आर्थिक सहायता धनराशि पहुंचाया। इस मौके पर ब्लॉक



अध्यक्ष डी के यादव, जोन प्रभारी गुलाम अब्बास प्रधान, श्याम बहादुर यादव के प्रतिनिधि, जिला सचिव डॉक्टर सुरेश यादव, सेक्टर प्रभारी केशव, राम यादव बूथ अध्यक्ष, ओम प्रकाश यादव एवं गांव के काफी लोग मौजूद रहे।

## तेज आंधी तूफान से गिरा नीम का पेड़, बंद पोस्ट ऑफिस का रास्ता, आवागमन बाधित



**सुल्तानपुर जिले** के अलीगंज बाजार में स्थित पोस्ट ऑफिस को जाने वाला रास्ता आंधी तूफान आने से गिरा नीम का पेड़ की वजह से 2 दिन से बाधित है, सक्षम अधिकारी नहीं ले रहे हैं संज्ञान, पोस्ट ऑफिस कर्मचारी एवं ग्राहको तथा आम जनमानस को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय निवासी मोहम्मद मुस्लिम, बरसाती, राधेश्याम पाल, शैलेंद्र शर्मा आदि लोगों ने कहा कि दो दिन बीत जाने के बाद भी रास्ते को नहीं खोला गया है जिससे डाकखाने में आने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है उप जिलाधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारियों से अनुरोध है कि तत्काल प्रभाव से नीम के पेड़ को काटकर रास्ता सुगम कराया जाए।

# पालिका को मिला आधुनिक वर्कशाप सफाई जलकला वाहनों की अब होगी एक जगह देखरेख

**सुलतानपुर। नगर** पालिका परिषद सुलतानपुर ने शहर की सफाई व्यवस्था और जलकल विभाग के वाहनों के बेहतर संचालन के लिए गोराबारिक (अमहट) वार्ड घासीगंज में आधुनिक वर्कशाप/सर्विस स्टेशन का निर्माण कराया है। पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने फीता काटकर इसका लोकार्पण किया। पालिका प्रशासन ने इसे शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम बताया है।लोकार्पण समारोह में पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका में सफाई व जलकल विभाग के वाहनों की संख्या लगातार बढ़ने से उनके रख-रखाव, पार्किंग और समय पर मरम्मत की समस्या सामने आ रही थी। इसी को देखते हुए पालिका स्वामित्व की अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर 15वें वित्त आयोग मद से लगभग पौने दो करोड़ रुपये की लागत से यह अत्याधुनिक वर्कशाप तैयार कराया गया है।उन्होंने बताया कि परिसर में मिट्टी भरान, इंटरलॉकिंग खड़ंजा मार्ग, सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल, हल्के व भारी वाहनों के लिए अलग-अलग शेड, वाशिंग शेड, प्रशासनिक भवन, विश्राम कक्ष और शौचालय सहित सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं। अब सफाई वाहनों की पार्किंग, धुलाई, मरम्मत और मेंटेनेंस का कार्य एक ही स्थान से व्यवस्थित ढंग से संचालित होगा, जिससे शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में और तेजी आएगी। अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज ने कहा कि इस नवीन वर्कशाप के सुचारु संचालन के लिए कर्मचारियों की अतिरिक्त ड्यूटी भी लगाई गई है। इससे पालिका के वाहनों का रख-रखाव समयबद्ध तरीके से हो सकेगा और



आकस्मिक खराबी की स्थिति में तत्काल मरम्मत संभव होगी।कार्यक्रम का संयोजन स्थानीय सभासद अंतिमा गुप्ता एवं संदीप गुप्ता ने किया, जबकि संचालन सभासद प्रवीण मिश्र ने किया। इस अवसर पर सफाई व खाद्य निरीक्षक अधूलिका, अवर अभियंता नीलम कुमारी, सभासद दिनेश चौरसिया, अरुण कुमार तिवारी, अफजल अंसारी, अरविन्द कुमार यादव, गिरीश मिश्र, संजय कप्तान, अरशद हबीब, अजय सिंह, मनीष जायसवाल, मो. अहमद भाई, नामित सदस्य रेनू सिंह, प्रदीप जायसवाल, रवि अग्रहरि सहित पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीआरएम की ट्रेन बिना रुके गुजरी, यूसुफपुर स्टेशन पर टूटीं उम्मीदें

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के स्थानीय थाना कोतवाली अंतर्गत यूसुफपुर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को उस समय मायूसी का माहौल छा गया, जब मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) की ट्रेन बिना रुके गुजर गई। स्थानीय नागरिक, जो सुबह से ही अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से मिलने की उम्मीद में स्टेशन पर जमा हुए थे, निराश होकर लौटने को मजबूर हो गए। डीआरएम के आगमन की खबर मिलते ही क्षेत्र में उत्साह का माहौल था। लोगों ने इसे एक



महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखा, जिससे वे स्टेशन की अव्यवस्थाओं, ट्रेनों के ठहराव और अन्य मूलभूत समस्याओं को सीधे रेलवे प्रशासन के सामने रख सकें। कई लोग अपनी शिकायतें लिखित रूप में लेकर स्टेशन पहुंचे थे। घंटों इंतजार के बाद यह सूचना मिली कि डीआरएम पहले बलिया गए थे ।

# संत तुलसी बाल विद्यालय पर प्रभारी मंत्री का निरीक्षण, औचक निरीक्षण में खुली कई परतें

## ● बच्चों की कमी ने बढ़ाई चिंता ● मंत्री पहुंचे स्कूल, हकीकत आई सामने

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में शिक्षा व्यवस्था की हकीकत उस समय सामने आ गई जब जिले के प्रभारी मंत्री मन्नू लाल कोरी ने पुरानी बाजार स्थित संत तुलसी बाल विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे मंत्री ने सबसे पहले मिड डे मील की गुणवत्ता और व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। रसोईघर की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता और बच्चों को परोसे जा रहे खाने को लेकर उन्होंने संबंधित कर्मियों से सीधे सवाल किए। इसके बाद मंत्री ने विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया और डिजिटल शिक्षा की वास्तविक स्थिति को परखा। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से सीधे संवाद किया और उनके पठन-पाठन स्तर को जांचा। बच्चों से पूछे गए सामान्य सवालों के जवाबों के आधार पर उन्होंने शिक्षण गुणवत्ता का आकलन किया। हालांकि इस दौरान एक चौंकाने वाली स्थिति तब सामने आई जब विद्यालय में बच्चों की संख्या अपेक्षा से काफी कम पाई गई। इस पर मंत्री ने संबंधित शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा और नामांकन तथा उपस्थिति में गिरावट के कारणों की जानकारी ली। मंत्री के अचानक निरीक्षण से विद्यालय प्रबंधन और स्टाफ में हड़कंप मच गया। कई शिक्षक और कर्मचारी व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटे नजर आए। निरीक्षण के बाद मंत्री ने स्पष्ट संकेत दिए कि शिक्षा और पोषण योजनाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से बच्चों तक पहुंच सके।

### स्कूल बना गैस सिलेंडर गोदाम? जांच की मांग

पुरानी बाजार स्थित संत तुलसी बाल विद्यालय को लेकर स्थानीय निवासी राजेंद्र सोनी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के पति कैटरिंग का व्यवसाय करते हैं और विद्यालय परिसर का उपयोग कथित तौर पर गोदाम के रूप में किया जा रहा है। आरोप है कि कैटरिंग में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडरों को विद्यालय परिसर में लाकर रखा जाता है और उनमें बची हुई गैस की रीफिलिंग/रीसेलिंग भी यहीं की जाती है। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि इस संबंध में कुछ प्रमाण भी उन्होंने उपलब्ध कराए हैं। राजेंद्र सोनी ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि विद्यालय परिसर के दुरुपयोग और संभावित भ्रष्टाचार की सच्चाई सामने आ सके।



विद्यालय परिसर में रखे हुए सिलेण्डर

# कानून के दो रंग- आखिर किसकी शह पर अब तक फरार है लालापुर का विवादित संत

● 24 घंटे में गरीब गिरफ्तार, संत फरार

● क्या सत्ता का साया बना ढाल?

अखंड भारत संदेश


गिरफ्तार की मांग करती पीड़िता अर्चना उपाध्याय

**चित्रकूट।** जिले में एक विवादित संत की गिरफ्तारी को लेकर उठ रही मांगों ने कानून व्यवस्था और प्रशासनिक निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले के बड़े-बड़े नेता, जनप्रतिनिधि और कई प्रभावशाली संगठन लगातार सक्रिय हैं- कभी ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं, तो कभी कर्वी कोतवाली और एसपी कार्यालय में गुहार लगाई जा रही है। लेकिन इन तमाम कोशिशों के बावजूद न तो संत सामने आ रहा है और न ही पुलिस उसे गिरफ्तार कर पा रही है। सवाल है कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है जो कार्रवाई को रोक रही है? मजे की बात यह है कि इसी जिले में एक छोटे से मामले में, जब एक आम व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर पूर्व विधायक के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी, तब पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर नेता के सामने पेश कर दिया था। उस समय न तो धाराओं की कमी का बहाना बना और न ही किसी प्रक्रिया में देरी हुई। लेकिन अब जब बात एक विवादित संत की है, तो जिम्मेदार कहते नजर आ रहे है कि गिरफ्तारी के लिए उपयुक्त धाराएं नहीं बन रहीं। यह विरोधाभास आम जनता के मन में कई सवाल खड़े करता है। क्या कानून का पैमाना व्यक्ति की हैसियत देखकर तय होता है? या फिर इस संत को किसी बड़े राजनीतिक संरक्षण का कवच मिला हुआ है? चर्चा यह भी है कि अगर ऐसा संरक्षण न होता, तो अब तक यह मामला सड़कों पर खुलकर सामने आ चुका होता। दबे मुंह से कुछ लोग कह रहे है कि जिले के ही एक बडे नेता ने संरक्षण दे रखा है। फिलहाल, पुलिस की चुप्पी और संत की गैरमौजूदगी पूरे घटनाक्रम को और ज्यादा रहस्यमय बना रही है।

# कलेक्ट्रेट में श्रमिकों का गौरव दिवस, योजनाओं और अधिकारों पर गहन मंथन


कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मजदूर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम ने मेहनतकशों के सम्मान को नई आवाज दी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, को-ऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी, एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल यादव सहित कई अधिकारी, उद्यमी और श्रमिक मौजूद रहे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देख उपस्थित जनों ने श्रमिक कल्याण योजनाओं और सरकारी नीतियों की जानकारी प्राप्त की। मंच से श्रमिकों के योगदान को सराहते हुए उनके अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। पूरे आयोजन में सम्मान, जागरूकता और प्रेरणा का माहौल दिखा, जहां हर आवाज यही कहती नजर आईकृदेश की तरक्की की असली नींव श्रमिक ही हैं।

# पूर्व मंत्री पर आंच क्या आई, संत समाज अलापने लगा साधुगिरी का राग

● सत्ता हिली तो दिखा अन्याय

● संत समाज का बदला सुर सवालों में

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में एक संत और उनसे जुड़े विवाद ने अब ऐसा मोड़ ले लिया है, जिसने संत समाज की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्षों से इस महंत के खिलाफ स्थानीय लोगों, पीड़ित महिलाओं और आम नागरिकों की शिकायतें थानों से लेकर एसपी कार्यालय तक गूंजती रहीं, लेकिन तब संत समाज की आंखों पर जैसे पट्टी बंधी थी। आम आदमी न्याय के लिए भटकता रहा, मगर कोई आवाज उठाने वाला नहीं दिखा। मजे की बात यह रही कि इसी दौरान बड़े-बड़े नेता, संगठन पदाधिकारी और पूर्व मंत्री तक इस संत के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद लेते रहे, लेकिन तब भी किसी को कुछ गलत नहीं लगा। यहां तक कि सत्ता पक्ष के एक पूर्व सांसद को अपमान सहना पड़ा, तब भी संत समाज की संवेदनाएं नहीं जागीं। लेकिन जैसे ही सत्ता के कुछ प्रभावशाली नेताओं के साथ बदसलूकी की घटनाएं सामने आईं, संत समाज अचानक सक्रिय हो उठा। बैठकों का दौर शुरू हुआ, बयानबाजी तेज हो गई और संत को हटाने की मांग तक उठने लगी। अब सवाल है कि क्या संत समाज की यह सक्रियता न्याय के लिए है या फिर सत्ता के दबाव का परिणाम? क्या वर्षों से न्याय के लिए संघर्ष कर रहे गरीब, कमजोर और पीड़ित लोग इस समाज की प्राथमिकता में कभी थे ही नहीं? यह पूरा घटनाक्रम कहीं न कहीं यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या न्याय की परिभाषा भी अब सत्ता के तराजू पर ही तौली जाएगी, या फिर सच में निष्पक्षता की कोई जगह बची है।

### जिले में बुद्ध पूर्णिमा पर फल वितरण व विचार गोष्ठी आयोजित

**चित्रकूट।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर चित्रकूट का जिला चिकित्सालय करुणा और सेवा का जीवंत प्रतीक बन गया, जब डा. बी.आर. अम्बेडकर जयंती समिति के अंतर्गत भारतीय बौद्ध महासभा ने मरीजों के बीच फल वितरण कर मानवता का संदेश दिया। इसके बाद विद्या नगर कर्वी स्थित मैरिज हाल में आयोजित विचार गोष्ठी में त्रिसरण, पंचशील और बुद्ध वंदना के साथ तथागत के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्ग को जीवन का आधार बताते हुए राग, द्वेष, लोभ त्यागने और दहेज, अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

# विहिप कार्यकर्ताओं ने कर्वी कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र : चित्रकूट में हिंदू प्रतीकों और धीरेंद्र शास्त्री के अपमान पर कार्रवाई की मांग



**चित्रकूट।** चित्रकूट में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं ने कर्वी कोतवाली पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। इसमें हिंदू धर्म से जुड़े प्रतीकों और बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का कथित अपमान करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि 29 अप्रैल 2026 को कर्वी क्षेत्र के धनुष चौराहे के पास मीरा भारती, रोहित पटेल और कुछ अन्य व्यक्तियों ने हिंदू धर्म से संबंधित प्रतीकों और चित्रों का कथित रूप से अपमान किया।

आरोप है कि इन लोगों ने बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का पुतला जलाया और उसे जूतों की माला भी पहनाई। घटना के दौरान अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने की बात कही गई है। विहिप कार्यकताओं का कहना है कि इस तरह की घटनाएं समाज में वैमनस्य फैलाती हैं, जिन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

वहीं, कर्वी कोतवाली पुलिस ने प्रार्थना पत्र स्वीकार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# संत के अपमान पर सड़कों पर उतरे संगठन बड़े आंदोलन की चेतावनी तेज

● विश्व हिंदू परिषद ने दिया ज्ञापन

● अपमान पर एफआईआर की मांग


कर्वी कोतवाली में ज्ञापन देते संगठन सदस्य

**चित्रकूट।** कर्वी का धनुष चौराहा इन दिनों धार्मिक आक्रोश का केंद्र बन गया है। बागेश्वर धाम के संत धीरेंद्र शास्त्री के प्रतीकात्मक चित्र और पुतले के साथ कथित रूप से जूते की माला पहनाकर अपमान किए जाने की घटना ने हिंदू जनमानस को झकझोर दिया है। आरोप है कि मीरा भारती, रोहित पटेल और उनके साथियों द्वारा की गई इस हरकत ने न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी चुनौती दी है। घटना के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता उग्र तेवर में नजर आए। जिला संयोजक अंकित पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कर्वी कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने इसे धार्मिक उन्माद फैलाने की साजिश बताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन के सामने कानून-व्यवस्था की चुनौती खड़ी कर दी है, जबकि शहर का माहौल भी संवेदनशील बना हुआ है। इस मौके पर धर्म यात्रा प्रमुख छेदीलाल, जिला मंत्री नीरज केसरवानी, जिला सह मंत्री सिद्धार्थ पांडे, जिला गोरक्षा प्रमुख सोनू मोदी, जिला सहसंयोजक शिवेंद्र सिंह, जिला सेवा प्रमुख कामता चतुर्वेदी, जिला धर्म यात्रा प्रमुख मनोज गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष जितेन्द्र, नगर सहसंयोजक नीरज करवरिया, नगर गौ रक्षा प्रमुख शिवांग करवरिया, देवेंद्र द्विवेदी समेत अन्य मौजूद थे।

## 1945 के बाद बर्बाद यूरोप कैसे बना दुनिया का इकोनॉमिक पावरहाउस



**यूरोप**

**साल** 1945 पिछले 6 साल से चल रहा वर्ल्ड वॉर खत्म होता है। लेकिन अपने पीछे छोड़ जाता है तबाही का मंजर। यूरोप का ज्यादातर हिस्सा खंडहर बन चुका था। हां कुछ देशों की जीत जरूर हुई थी लेकिन उनकी भी इंडस्ट्रीज इंफ्रास्ट्रक्चर और इकॉनमी कमजोर हालत में थे। इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन से अमीर हुए इंग्लैंड जैसे देश के भी ज्यादातर ट्रेजरीज वॉर लड़ने में खाली हो चुकी थी। यूरोप के सामने फूड शॉर्टेज और हजारों डिस्प्लेस रिफ्यूजीस का संकट था। इसके अलावा बहुत से देशों ने वॉर टाइम एफट्र्स को जारी रखने के लिए पैसा उधार लिया हुआ था, खासकर यूनाइटेड स्टेट्स अमेरिका से और अब जब उनकी इकॉनमी एकदम खस्ता हालत में थी तब इस स्थिति से निकलना असंभव सा लग रहा था। लेकिन इतिहास गवाह है कि यूरोप एक बार फिर उठ खड़ा हुआ और दुनिया का इकोनॉमिक सेंटर बनकर उभरा पर इतनी खराब सिचुएशन में आखिर यूरोप कैसे खुद को रिबिल्ड करता है।

अमेरिका का मार्शल प्लान

1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्त होने पर यूरोप तो बहुत खराब हालत में था। पावरफुल देश जैसे जर्मनी और जापान युद्ध हार चुके थे। ऐसे में वर्ल्ड को दो नई सुपर पावर्स मिलती हैं अमेरिका और सोवियत के रूप में। वॉर के दौरान यूएसएसआर ने ईस्टर्न यूरोप के कुछ देशों जैसे पोलैंड लिथुआनिया, अल्बेनिया रोमेनिया एटस पर अपना अधिकार कर लिया था और इन देशों में कम्युनिस्ट गवर्नमेंट फॉर्म कर दी गई थी वहीं वेस्टर्न यूरोप के ज्यादातर देश डेमोक्रेसी को फॉलो करते थे और अमेरिका के इन्फ्लुएंस में थे ब्रिटिश पीएम चर्चिल यूरोप के इस डिवीजन को डिस्क्राइब करने के लिए आयन कर्टन शब्द का इस्तेमाल करते हैं क्योंकि यूरोप दो भाग में बट गया था साथ ही यूएस और यूएसएसआर के बीच कोल्ड वॉर की शुरूआत हो चुकी थी ऐसे में यूरोप का रिकंस्ट्रक्शन भी इसी डिवीजन के बेसिस पर होता है। वेस्टर्न यूरोप अलग तरीके से खुद को रिबिल्ड करता है और ईस्टर्न यूरोप अलग तरीके से वेस्टर्न यूरोप की मदद के लिए अमेरिका सामने आया और इस काम के लिए उसने जो प्रोग्राम शुरू किया उसे मार्शल प्लान कहा जाता है। यह काम अमेरिका ने सेल्फलेसनेस के तहत नहीं किया था बल्कि अपने जिओ पॉलिटिकल इंटरेस्ट के लिए किया। वो नहीं चाहता था कि ईस्ट यूरोप की तरह वेस्ट यूरोप में भी सोवियत लेड कम्युनिज्म हावी हो जाए। ऐसे में अमेरिका के मार्शल प्लान ने ही पोस्ट वॉर वेस्टर्न यूरोप की रिकवरी को मुमकिन बनाया।

यूरोप को रिबिल्ड करना मकसद

यूएसए को डर था कि वर्ल्ड वॉर ट के बाद पॉवर्टी अनइंप्लॉयमेंट और डिसलोकेशन जैसी प्रॉब्लम्स वेस्टर्न यूरोप के वोटर्स को कम्युनिस्ट आईडियोलॉजी की तरफ आकर्षित कर सकती हैं। इसलिए 5 जून 1947 को अपनी स्पीच में यूएस सेक्रेटरी ऑफ स्टेट जॉर्ज मार्शल यूरोपियन रिकवरी प्रोग्राम की अनाउंसमेंट करते हैं, जिसे पॉपुलर मार्शल प्लान के नाम से जाना जाता है इस प्लान का मकसद यूरोप को रिबिल्ड करना था। इसके तहत करीब 13.3 बिलियन डॉलर्स की असिस्टेंसिया नेशंस को दी जाती है और यह 1947 से लेकर 1951 तक चलता है यानी कि 4 साल के लिए इनिशियली मार्शल प्लान सभी यूरोपियन नेशंस के लिए ओपन था। यहां तक कि यूएसएसआर के लिए भी। मार्शल प्लान के कंप्लीट होने के समय यूरोप का एग्रीकल्चरल और इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन दोनों ही पहले से काफी बढ़ चुका था। बैलेंस ऑफ ट्रेड में इंप्रूवमेंट आया था साथ ही ट्रेड लिबरलाइजेशन और इकोनॉमिक इंटीग्रेशन की दिशा में कदम उठाए जा चुके थे।

ईस्टर्न ब्लॉक की इकोनॉमिक यूनिटी की तरफ यूएसएसआर कुछ कदम उठाता है। इस दिशा में पहला स्टेप मलोटो प्लान के रूप में आता है। इसे अमेरिका के मार्शल प्लान के जवाब में रूसी फॉरेन मिनिस्टर मलोटो ने प्रपोज किया था।

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भेंट की उनके ही नाम वाली पनडुब्बी की घंटी

**अमेरिका**

**द्वितीय** विश्वयुद्ध के समय की ब्रिटेन में बनी पनडुब्बी ह्यएचएमएस ट्रंपह्ल से संबंधित मूल घंटी इस सप्ताह राजकीय यात्रा के दौरान महाराजा चार्ल्स तृतीय द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भेंट किए गए उपहारों का मुख्य आकर्षण रही। मंगलवार को व्हाइट हाउस में आयोजित राजकीय रात्रिभोज में 77 वर्षीय महाराजा ने निजी उपहार के रूप में यह घंटी भेंट की और इस दौरान मजाकिया अंदाज में बात की। ट्रंप उपहार से स्पष्ट रूप से प्रभावित दिखे और उन्होंने कार्यक्रम में चार्ल्स की शानदार कहकर प्रशंसा की



चार्ल्स ने अपने संबोधन में कहा, ह्यह्यआज, नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) और एयूक्यूस (ऑस्ट्रेलिया-ब्रिटेन-अमेरिका गठबंधन) में हमारी साझेदारी हमारे प्रौद्योगिकी और सैन्य सहयोग को गहरा करती है तथा यह सुनिश्चित करती है कि हम मिलकर तेजी से जटिल और प्रतिस्पर्धी दुनिया की चुनौतियों का सामना कर सकें। उन्होंने संबंधित घंटी का जिक्र करते हुए कहा, ...तो आज रात, राष्ट्रपति महोदय, मुझे आपको व्यक्तिगत उपहार के रूप में वह मूल घंटी भेंट करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है जो आपके साहसी नामधारी (एचएमएस ट्रंप) के युद्धक टॉवर पर लगी थी। यह हमारे राष्ट्रों के साझा इतिहास और उज्ज्वल भविष्य की गवाही देती रहे। और यदि कभी आपको हमसे संपर्क करने की आवश्यकता हो, तो बस घंटी बजा दीजिएगा।

इस दौरान हंसी के ठहाके गूंजने लगे। सार्वजनिक रूप से उपहार देने की यह घटना इससे पूर्व बंद कमरे में हुए आदान-प्रदान के बाद हुई, जब बकिंघम पैलेस ने कहा कि ब्रिटेन के महाराजा ने अमेरिकी राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में स्थित प्रतिष्ठित डेस्क के 1879 के ह्यडिजाइन प्लानह्ल की एक फ्रेम की हुई प्रतिकृति भेंट की - जिसकी मूल प्रतियां लंदन के ग्रीनविच में स्थित राष्ट्रीय समुद्री संग्रहालय में रखी हैं। लंदन में जारी किए गए ऐतिहासिक विवरण के अनुसार, ह्यरेसोल्यूट डेस्कह्ल का निर्माण ब्रिटिश अन्वेषण पोत ह्यएचएमएस रेसोल्यूटह्ल की लकड़ियों से किया गया था। बकिंघम पैलेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति और प्रथम महिला से बदले में प्राप्त उपहारों का विवरण भी दिया।

## ईरान के लिए खड़े हो गए 121 देश!

**ईरान**

**ईरान** से युद्ध के बाद से अमेरिका को वैश्विक स्तर पर अलग-थलग होने का डर अब साफ तौर पर दिखने लगा है। दुनिया भर के जो देश अमेरिका की दादागिरी के कारण उसके साथ खड़े रहा करते थे, अब वो देश वैश्विक मंच पर उसके खिलाफ वोटिंग तक करने लगे हैं। इसकी सबसे बड़ी तस्वीर संयुक्त राष्ट्र के मंच पर देखने को मिली। जहां एक तरफ समुद्री सुरक्षा और होमू जलडमरू मध्य को लेकर तीखी बहस चल रही थी तो दूसरी तरफ परमाणु अप्रसार संधि यानी एनपीटी की बैठक में ऐसा फैसला हो गया जिसने वाशिंगटन को झटका दे दिया। न्यूयॉर्क में हुई यूएनएससी बैठक के दौरान अमेरिका के प्रतिनिधि माइकल व्ट्स ने खुले तौर पर सहयोगी देशों से मदद की अपील की। उन्होंने कहा कि समुद्री स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए एक गठबंधन खड़ा होना होगा। जिसमें सैन्य ताकत के साथ-साथ व्यापार, बीमा और मानवीय एजेंसियों को भी शामिल होना चाहिए। साफ था कि अमेरिका



अब अकेले इस टकराव को संभालने की स्थिति में नहीं दिख रहा है। खासकर तब जब होरमुज में उसकी रणनीति लगातार चुनौती का सामना कर रही है। दूसरी तरफ ईरान के प्रतिनिधि अमीर सैद इरावानी ने उसी मंच से सीधा पलटवार किया और कहा कि स्थाई शांति तभी संभव होगी जब ईरान के खिलाफ आक्रामकता पूरी तरीके से खत्म हो जाएगी और उसके संप्रभु अधिकारों का सम्मान किया जाएगा। यानी संदेश साफ था कि ईरान खुद को रक्षात्मक नहीं बल्कि बराबरी की स्थिति में देख रहा है और दबाव में झुकने को कतई तैयार नहीं। इस बीच जमीन पर हालात भी अमेरिका के लिए आसान नहीं दिख रहे। रिपोट्र्स के मुताबिक होमज में 30 से ज्यादा ईरान से जुड़े जहाज अमेरिकी दबाव के बावजूद गुजर चुके हैं। हालांकि अमेरिकी सेना ने कुछ जहाजों को रोका और दो को जब्त करने का दावा भी किया। लेकिन तस्वीर यह बताती है कि पूरी तरीके से नियंत्रण स्थापित करना अब भी अमेरिका के लिए चुनौती बना है और इसी कूटनीति और सैन्य दबाव के बीच आया एनपीटी का बड़ा फैसला जहां अमेरिका ने आखिरी वक्त तक कोशिश तो बहुत की कि ईरान को कोई अहम जिम्मेदारी ना मिले लेकिन 121 देशों के समर्थन से ईरान को उपाध्यक्ष बना दिया गया।

## भारत की टेंशन खत्म



**संयुक्त अरब**

**संयुक्त** अरब अमीरात के पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन से बाहर निकलने से मध्य पूर्व के ऊर्जा परिदृश्य में बड़ा बदलाव आया है और वैश्विक तेल व्यापार के लिए नए अवसर खुल गए हैं। 1 मई से अबू धाबी सऊदी अरब द्वारा निर्धारित तेल कार्टेल की उत्पादन सीमाओं से मुक्त हो जाएगा और अपनी पूरी क्षमता के अनुसार कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ा सकता है। इससे रणनीतिक फुजैरा पाइपलाइन के माध्यम से भारत को निर्यात बढ़ाने का रास्ता खुल गया है, जो होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बाईपास करती है। चूंकि संयुक्त अरब अमीरात (वअए) तत्काल अपने तेल उत्पादन को प्रतिदिन दस लाख बैरल तक बढ़ा सकता है, इसलिए भारत के लिए यह अच्छी खबर है। भारत और वअए के बीच ऊर्जा, व्यापार और सुरक्षा पर आधारित गहरे रणनीतिक संबंध हैं। वअए पहले से ही भारत के प्रमुख कच्चे तेल आपूर्तिकताओं में से एक है, और फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के कारण नई दिल्ली फुजैराह के रास्ते शिपमेंट को पुनर्निर्देशित कर रही थी। अब, OPEC कोटा की बाधा न होने के कारण, वअए भारत को अधिक तेल, संभवतः किफायती कच्चा तेल भेजने की बेहतर स्थिति में है, जो पेट्रोल, डीजल और पेट्रोकेमिकल्स की जरूरतों के लिए इन आयातों पर बहुत अधिक निर्भर है।

मंगलवार को घोषित अबू धाबी के इस फैसले के साथ, ओपेक में संयुक्त अरब अमीरात की लगभग 60 वर्षों की सदस्यता समाप्त हो गई। संयुक्त अरब अमीरात की सरकारी समाचार एजेंसी हअट ने बताया कि उत्पादन नीति और राष्ट्रीय हित की सावधानीपूर्वक समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। ऊर्जा मंत्री सुहैल मोहम्मद अल मजरूई ने इसे "दीर्घकालिक बाजार मूलभूत सिद्धांतों के अनुरूप नीति-प्रेरित परिवर्तन" बताया।

## आज के समय में नाटो का रोल

**संयुक्त राष्ट्र**

**इंग्लिश** में NATO और हिंदी में नॉटो बोले या फिर नाटो भी कह सकते हैं। लेकिन इसका फुल फॉर्म जरूर याद कर लीजिए शायद किसी परीक्षा में पूछ लिया जाए। नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन हिंदी में कहे तो उत्तरी अटलांटिक सन्धि संगठन। क्या है नाटो जिससे रूस को इतनी नफरत है। कहानी की शुरूआत इतिहास से करते हैं। साल 1945 की बात है दूसरा विश्व युद्ध खत्म हो चुका था। सोवियत संघ और अमेरिकी दुनिया की दो महाशक्तियों के बीच प्रभुत्व की लड़ाई जिसके बारे में आपने पढ़ा भी होगा और हम भी आपको कई दफा बता चुके हैं। फुल्टन भाषण व ट्रूमैन सिद्धांत के तहत जब साम्यवादी प्रसार को रोकने की बात कही गई तो प्रत्युत्तर में सोवियत संघ ने अंतर्राष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन कर 1948 में बर्लिन की नाकेबंदी करते हुए और स्टालिन की रेड आर्मी ने बर्लिन में झंडा फहरा दिया था। अमेरिका को डर लगा कि स्टालिन के साम्यवाद की ये लहर ऐसी ही चली तो ये पश्चिमी यूरोप में भी पहुंच जाएगी। 1948 में बर्लिन की नाकेबंदी की घटना ने अमेरिका के डर को और भी पुख्ता कर दिया। उसे लगा कि सोवियत संघ से निपटने के लिए एकजुट होने का वक्त आ गया है। इसी क्रम में यह विचार किया जाने लगा कि एक ऐसा संगठन बनाया जाए जिसकी संयुक्त सेनाएं अपने सदस्य देशों की रक्षा कर सके। 4 अप्रैल 1949 को ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैण्ड तथा लक्सेमबर्ग ने बूसेल्स की संधि पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य सामूहिक सैनिक सहायता व सामाजिक-आर्थिक सहयोग



था। ये पूंजीवादी देशों की सोवियत विस्तार को चुनौती देने के लिए बना सैन्य संगठन था। इन देशों ने एक दूसरे को एक वादा किया है। कैसा वादा- एक दूसरे को खतरे की स्थिति में सहायता देने का वादा यानी सामूहिक सुरक्षा का वादा। किसी एक देश पर हमला तो माना जाएगा सबके सब देशों पर हमला।

संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के अनुच्छेद 15 में क्षेत्रीय संगठनों के प्रावधानों के अधीन उत्तर अटलांटिक संधि पर 12 देशों ने हस्ताक्षर किए थे। ये देश थे- फ्रांस, बेल्जियम, लक्जमर्ग, ब्रिटेन, नीदरलैंड, कनाडा, डेनमार्क, आइसलैण्ड, इटली, नार्वे, पुर्तगाल और संयुक्त राज्य अमेरिका। शीत युद्ध की समाप्ति से पूर्व यूनान, टर्की, पश्चिम जर्मनी, स्पेन भी सदस्य बने और शीत युद्ध के बाद भी नाटों की सदस्य संख्या का विस्तार हो रहा। इस गुट में अमेरिका सबसे ताकतवर था इसलिए उसे इसका मुखिया मान लिया गया। 18 फरवरी 1952 और 6 मई 1955 के बीच तीन और देशों को नाटो में शामिल किया गया। इनमें पश्चिम जर्मनी भी शामिल था। इससे सोवियत यूनियन की चिंता और बढ़ी, क्योंकि पूर्वी जर्मनी सोवियत समर्थक था।

## मैं और मिस्टर नाइस नहीं बनूंगा, हाथों में बंदूक थामे ट्रंप ने ईरान को हड़काया, बेहतर है समझ जाओ

**इस्लामाबाद**

**इस्लामाबाद** में दूसरे दौर की बातचीत अचानक रद्द होने के कारण युद्धविराम वार्ता अभी भी अटकी हुई है। इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को एक बार फिर चेतावनी देते हुए अपने "नो मोर मिस्टर नाइस गाई" (अब कोई शराफत नहीं) वाले सख्त रुख को दोहराया है। इस बार उन्होंने ईरान पर तीखा प्रहार किया है और उस पर परमाणु समझौते को अंतिम रूप देने में विफल रहने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखते हुए उन्होंने कहा, "ईरान चीजें ठीक से नहीं संभाल पा रहा है। उन्हें नहीं पता कि गैर-परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर कैसे किए जाते हैं। उनके लिए यही बेहतर होगा कि वे जल्द ही समझदारी से काम लें! राष्ट्रपति डीजेटी।

गौरतलब है कि इस महीने की शुरूआत में भी ट्रंप ने ईरान को ऐसी ही चेतावनी दी थी। दरअसल, अमेरिका द्वारा अपने प्रतिबंध नहीं हटाने के फैसले के जवाब में ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर फिर से नाकेबंदी लगा दी थी, जिसके बाद ट्रंप का यह बयान आया था। उस समय उन्होंने कहा था कि अगर ईरान "बहुत ही निष्पक्ष और तर्कसंगत समझौते" पर सहमत नहीं होता है।

## क्यों नहीं दिखेंगे रूसी टैंक?

**यूक्रेन**

**नाजी** जर्मनी की हार की 81वीं वर्षगांठ पर रूस में होने वाली पारंपरिक विजय परेड में इस साल सैन्य साजो सामान का प्रदर्शन नहीं होगा। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण शुरू करने के बाद पहली बार होगा जब नौ मई को मास्को के रेड स्क्वायर पर सैन्य साजो सामान का प्रदर्शन नहीं होगा। यह दिन रूस के लिए उत्सव के समान होता है, जब वह अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करता है। मंत्रालय के बयान में सैन्य साजो सामान के काफिले और कैडेट को परेड से बाहर रखने का कारण वर्तमान अभियानगत स्थिति बताया गया है। बयान में इसका विस्तृत विवरण नहीं दिया गया। मंत्रालय ने बताया कि परेड में विभिन्न उच्च सैन्य शिक्षण संस्थानों के कैडेट और रूसी सशस्त्र बलों की विभिन्न शाखाओं के कुछ सैनिक शामिल होंगे।


इसके साथ ही पारंपरिक सैन्य विमानों की उड़ानें भी होंगी। पिछले साल की परेड रूस द्वारा यूक्रेन में सेना भेजे जाने के बाद से अब तक की सबसे बड़ी परेड थी, जिसमें कई देशों के नेता मास्को पहुंचे थे। इनमें चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको जैसे प्रमुख अतिथि शामिल थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.: 9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## यूरोप में किसकी चमकी किस्मत? ईयू के सफल देश

**फ्रांस**

**यूरोपियन** यूनियन (ईयू) को समझने के लिए सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि इसका मूल दांव क्या था। दरअसल, एव ने देशों से उनकी राष्ट्रीय संप्रभुता यानी पूरी आर्थिक और राजनीतिक स्वतंत्रता का एक हिस्सा लेकर बदले में collective economic power, peace और जियोपॉलिटिकल इंफ्यूएंस देने का वादा किया। अगर कुल मिलाकर देखा जाए, तो यह दांव काफी हद तक सफल रहा है। ईयू का सबसे बड़ा लक्ष्य यूरोप में बड़े देशों के बीच दोबारा युद्ध रोकना। पूरी तरह हासिल हुआ। इसके अलावा सिंगल मार्केट ने यूरोप को दुनिया के सबसे समृद्ध क्षेत्रों में शामिल कर दिया, जहां high living standards and strong social security systems मौजूद हैं। हालांकि, इस सफलता के साथ कुछ बड़ी कमजोरियां भी सामने आईं। खासतौर पर यूरो को अपनाना, लेकिन उसके साथ ॣommo»»f fiscÔl policy का अभाव, एव की सबसे बड़ी स्ट्रक्चल कमजोरी बन गया। 2008 के फाइनेंशियल क्राइसिस के दौरान कई देशों के पास अपनी करेंसी डीवैल्यू करने का विकल्प नहीं था, जिससे कई अर्थव्यवस्थाएं लंबे समय तक stÔg»»fÔtio»»f में फंस गईं। इसके अलावा, एव की हेवी रेगुलेशन के कारण वह अमेरिका और चीन के मुकाबले टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में पीछे रह गया।



संघर्ष कर रहे ये देश

इटली, ग्रीस, स्पेन, पुर्तगाल इन देशों को यूरोजोन संकट के दौरान सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। अपनी मुद्रा और ब्याज दरों पर नियंत्रण न होने के कारण इन्हें कड़े खर्च कटौती उपाय (मितव्ययिता नीतियां) अपनानी पड़ीं, जिससे अर्थव्यवस्थाओं पर भारी दबाव पड़ा। ग्रीस की अर्थव्यवस्था तो लगभग 25% तक गिर गई थी, जबकि इटली आज भी धीमी आर्थिक वृद्धि और ऊंचे कर्ज से जूझ रहा है।

फ्रांस (मध्य स्थिति)

फ्रांस यूरोपीय संघ में राजनीतिक रूप से मजबूत स्थिति में है और जर्मनी के साथ मिलकर नीतियां तय करता है। लेकिन आर्थिक रूप से यह मिला-जुला प्रदर्शन दिखाता है—यहां उच्च सरकारी खर्च, बेरोजगारी और बढ़ता कर्ज जैसी समस्याएं बनी हुई हैं।

विन-विन सिचुएशन में कौन

जर्मनी और नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया, स्वीडन, डेनमार्क

जर्मनी को यूरोपीय संघ और यूरोजोन का सबसे बड़ा आर्थिक लाभार्थी माना जाता है। यूरो की कीमत सभी सदस्य देशों के औसत पर आधारित होती है, जिससे यह जर्मनी के लिए अपेक्षाकृत कम आंकी गई रहती है।

इसका फायदा यह होता है कि जर्मनी के निर्यात वैश्विक बाजार में सस्ते पड़ते हैं, जिससे उसे लगातार व्यापार अधिशेष मिलता है।

2004 के बाद यूरोपीय संघ में शामिल हुए इन देशों को सबसे ज्यादा फायदा संरचनात्मक फंड (विकास के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता) से मिला।

इन पैसों से बुनियादी ढांचे का विकास हुआ और अर्थव्यवस्थाएं तेजी से बढ़ीं। पोलैंड इसका बड़ा उदाहरण है, जहां आर्थिक वृद्धि दर तेजी से पश्चिमी यूरोप के करीब पहुंची।